Government of India
Ministry of Jal Shakti
Department of Water Resources,
River Development and Ganga Rejuvenation

Azadi Ka Amrit Mahotsav

7th IWW 2022

7th INDIA WATER WEEK 2022

1 - 5 November 2022

India Expo Centre, Greater Noida

Water Security for Sustainable Development with Equity

POST SESSION PROCEEDINGS



INDIA'S INTERNATIONAL WATER RESOURCES EVENT

www.indiawaterweek.in
@indiawaterweek.in
@indiawaterweek
@indiawaterweek2022
@indiawaterweek
@indiawaterweek

Chairman, CWC &
Member Secretary, Scientific Committee IWW-2022
Central Water Commission
Department of WR, RD&GR
Ministry of Jal Shakti | Government of India

FOREWORD



Keeping in view the importance of sustainable development of social, economic and various allied sectors, the Union Ministry of Water Resources is organising India Water Week (IWW) annually, since 2012. The main focus of this event remains on the issues related to water and provide a global platform for all Stakeholders pertaining to national as well as international to recommend sustainable solution. It is heartening to note that seven chapters of India Water Week have been organized so far.

The present (7th) India Water Week-2022 with theme **"Water Security for Sustainable Development with Equity"** was organized during 01-05 November, 2022. The various dimensions of Water Security were deliberated at length and breadth in the Conference. State-of-the-art technological achievements and advancements were showcased in the exhibition. More than 200 papers received and more than 100 presentations were made during the conference in 10 Seminars, 10 Panel Discussions, 9 Ministry Events and 12 Side Events.

The post session proceedings of the IWW-2022 contain the recommendations emerged from various technical sessions and highlights of various events conducted during the international conference to apprise the concerned State Governments, Central Ministries/ Organizations and all Stakeholders engaged in the field of water resources.

I expect that the recommendations of the IWW-2022 would be adequately considered for implementation and inclusion in the policy guidelines and other relevant documents by the related Union Ministries, Departments of Central and State Governments and other stakeholders at large. Central Water Commission has been the main contributor in organising India Water Week ever since its inception and enhanced participation by including some new and innovative events will be ensured for upcoming chapters.

I compliment the entire team who compiled and concisely prepared the 'Post Session Proceedings of IWW-2022' and congratulate them for carrying out a commendable job of bringing out the publication.

K. Vohra

Director General, NWDA &
Member Secretary, Organising Committee IWW-2022
National Water Development Agency
Department of WR, RD&GR
Ministry of Jal Shakti | Government of India

PREFACE



India Water Week (IWW) is a flagship international event of the Department of Water Resources, River Development & Ganga Rejuvenation (DoWR,RD&GR), Ministry of Jal Shakti, Government of India since 2012. The National Water Development Agency (NWDA) under DoWR,RD&GR, Ministry of Jal Shakti has been entrusted with the task of organizing India Water Week.

The 7th India Water Week-2022 (IWW-2022) the seventh in the series was organized during 01-05 November, 2022 at India Expo Centre, Greater Noida with theme "Water Security for Sustainable Development with Equity". The main theme was discussed during the conference in 10 Seminars, 10 Panel Discussions, 9 Ministry Events and 12 Side Events. The exhibition, received response from 100 companies and agencies who showcased their expertise and products.

More than 2000 delegates from India & abroad participated in the IWW-2022. About 80 delegates from 28 countries participated in the conference. Denmark, Finland and Singapore were the Partner Countries. There were 9 Partner States viz: Odisha, Rajasthan, Karnataka, Madhya Pradesh, Kerala, Maharashtra, Uttar Pradesh, Goa and Delhi. The Post Session Proceedings of the IWW-2022 contains theme wise summarized details and recommendations; messages, addresses of dignitaries, and highlights of various events including that of IWW-2022 exhibition.

I would like to acknowledge the contribution and guidance of Shri Pankaj Kumar, Secretary, MoWR, RD & GR and Chairman of the Organizing Committee; Ms. Debashree Mukherjee, Special Secretary, MoWR, RD & GR; Shri R.K. Gupta, the then Chairman, CWC & Chairman of the Scientific Committee of IWW-2022 and Shri K. Vohra, Chairman, CWC.

My compliments to the entire team of IWW-Secretariat for their dedicated work for the preparation of the Post Session Proceedings. I hope the recommendations emerged during the IWW-2022 will help in taking decision for sustainable development of water security.

(Bhopal Singh)

Contents

Foreword I
Preface II
Addresses by Dignitaries During Inaugural Function 1
Addresses by Dignitaries During Valedictory Function 18
Plenary Session & Keynote addresses 33

RECOMMENDATIONS 43
- Seminars 44
- Panel Discussions 65
- Event by Ministries 83
- Side Events 90

HIGHLIGHTS OF THE EVENT 98
- Inaugural Function 99
- Valedictory Function 108
- Cultural Event 114
- IWW Exhibition 121
- Event by School Children 127
- Study Tour to Agra 138

NEWSLETTERS 141
PIB COVERAGE REPORT 165
SPONSORS AND EXHIBITORS 253

COMMITTEES OF IWW-2022 258
- Organizing Committee 259
- Scientific Committee 261

ADDRESS *BY*
DIGNITARIES DURING

Inaugural function

Address by Dignitaries During Inaugural Function

SHRI PANKAJ KUMAR

Secretary, DoWR, RD&GR, MoJS

Hon'ble President of India, Hon'ble Governor of Uttar Pradesh, Hon'ble Chief Minister of Uttar Pradesh, Hon'ble Union Minister of Jal Shakti, Hon'ble Minister of State of Jal Shakti and Food Processing Industries, Hon'ble Minister of State for Jal Shakti and Tribal Affairs, Hon'ble Ministers, Ambassadors, Dignitaries from participating countries, Hon'ble Ministers for Water Resources of various States present here, Hon'ble Members of Parliament and Legislative Assembly, distinguish guests, delegates, participants and media persons.

India Water Week is a platform that brings together all stake holders in the water sector policy makers, public representatives, professionals, experts from India and aboard, academic institutions, researchers, industry, civil society and young minds. The seventh event of the India Water Week series has the theme "Water Security for Sustainable Development with Equity". This event will provide us an opportunity to deliberate on the strategies to achieve the goal of water security for all.

India Water Week will have paper presentations, panel discussions, side events by national and international organization, presentations of best practices, exhibitions and events by students and these will cover various aspects of management of water resources. We look forward to fruitful discussion and hence cooperation in water sector to face the emerging challenges in water security.

It's my privilege to welcome the Hon'ble President of India to the India Water Week. We are grateful to Hon'ble President for sparing her valuable time to grace this inaugural function with her august presence we look forward to her guidance.

We are delighted to welcome the Hon'ble Governor of Uttar Pradesh and Hon'ble Chief Minister of Uttar Pradesh for their highly encouraging presence amidst us.

I welcome the Hon'ble Union Minister of Jal Shakti, the Hon'ble Minister of State for Jal Shakti and Food Processing Industries and Hon'ble Minister of State for Jal Shakti and Tribal Affairs, their guidance has been invaluable in conceiving and organizing this event. I extend, a very warm welcome to Hon'ble Ministers, ambassadors and distinguish guests from participating countries your presence will provide the global perspective to deliberations on water security.

I welcome Hon'ble Ministers and senior officers from States where the action on water security lies and also Hon'ble Members of Parliament and members of legislative assembly from states.

I warmly welcome distinguish key note speaker for the plenary session, the panelist of technical session, the delegates and the participants for your invaluable presence.

Thank you!



Address by Dignitaries During Inaugural Function

MS. AKALI TUDU

Women Water Warrior, Jharkhand



सबको जोहर! यहां उपस्थित मंचाशीन अतिथिगण और विभिन्न विभाग से आये हुए पदाधिकारी गण आप सभी को मेरी तरफ से झारखंडी जोहर। इंडिया वॉटर वीक परिवार को मैं तहेदील से धन्यवाद देती हूँ जिनके सहयोग से आज इस मंच पर खड़े होकर अपनी बात को रखने का मोका मिला है। मेरा नाम है अक्ली टूडु, मैं झारखंड राज्य के पूर्व सिहभूम जिला के एक छोटे से गांव से एक आदिवासी किसान परिवार से बिलोंग करती हूँ। मेरे क्षेत्र में पानी की काफी समस्या को देखते हुए मैंने महिला संगठन बनाया और महिला संगठन को पंजीकृत किया और बारिश के पानी को रोकने का काम हमने शुरू किया। बारिश के बहते हुए पानी को रोकने के लिए मैंने काफी तालाब का निर्माण किया। जैसे कि 7 दिसंबर 2014 से मैंने सिंचाई तालाब निर्माण करने का काम शुरू किया। 2014 से आज तक मैंने अपना प्रखंड क्षेत्र या उसके बगल एरिया में भी कुल मिलाकर 83 तालाब निर्माण कर चुकी हूँ। अब बारिश का पानी रोककर किसान 3 सीज़न तक खेती कर पा रहा है। और उसी पानी से आजीविका को बढ़ा रहा है। आजीविका के लिए किसान मछली पाल रहा है, बतख पाल रहा है और खेती भी कर रहा है।

यह बोलना तो आसान है कि मैंने 83 तालाब बनाये हैं, लेकिन एक आदिवासी, एक बीहड़ क्षेत्र की महिला होने के नाते इस काम पर हमको बहुत सारी कठिनाई को भी झेलना पड़ा है। जैसे कि मेरा प्रखंड नक्सलीय बैल्ट एरिया है, जब मेरा काम हो रहा था उस काम के दौरान हमको धमकी भी दिया गया था। हमसे पैसा भी मांगने का हमपर दबाव बनाया गया था। फिर भी मैं इस काम को अपने क्षेत्र का विकास करने के लिए आगे बढ़ी। इस काम पर सिर्फ मेरा परिवार ही नहीं, गांव, समाज और प्रशासन ने भी विकास काम पे सब मिल कर मुझे सपोर्ट और मदद किया और अभी तक इस काम को मैंने जारी रखा। अभी तक मैंने 2 करोड़ 50 लाख 8 हजार का काम कर चुकी हूँ इसमें किसान का भी सहयोग जुड़ा हुआ है। आजीविका को बढ़ाने के लिए मैं हजार परिवार के साथ मतस्य पालन का प्रोजेक्ट भी चला रही हूँ। हजार परिवार के साथ काम करने के लिए हर जगह पर मैंने फील्ड स्टाफ रखा है।

मैं पानी बचाने के काम के साथ-साथ मेरे प्रखंड क्षेत्र में बिचोलियों को भगाने के लिए एक महिला संगठन बनाया। यह संगठन मैंने 2013 एक्ट में रजिस्ट्रेशन करके महिला किसानों के साथ इनपुट-आउटपुट का भी मैंने बिजनेस करना शुरू किया है। जोकि सही मात्रा में सही चीज किसानो तक पहुँचे। और उनका अपना इनकम अपने परिवार में रहे, बिचोलिए दूसरी जगह लेकर ना जाए। अभी तक मेरी कंपनी में 1844 महिला सहधारक बन चुकी हैं और मेरी कंपनी में अभी तक

शेयरपूंजी 15 लाख 50 हजार प्लस है। देखा जाए तो मेरा कंपनी का वित्त वर्ष का टर्न ओवर 1 करोड़ 80 लाख है।

मैं आशा करती हूँ कि अपने क्षेत्र को विकास करने के लिए पानी को बचाने के साथ-साथ आजीविका के लिए भी मैं जुड़ी हूँ। इस काम पर बहुत सारे लोगों से मैं मदद लेती हूँ, लेकिन मदद लेने से पहले हमको आगे होना पड़ता है। और काफी योजनाओं को गरीब किसानों तक पहुँचाने का काम कर रही हूँ। मैं आगे अपने क्षेत्रों का विकास करने के लिए क्योंकि मैं झारखंड राज्य से बिलोंग करती हूँ, झारखंड राज्य और भारत सरकार से उम्मीद रखती हूँ कि इस काम को ओर आगे बढ़ाने के लिए हमको आप दोनों से मदद चाहिए। बस इतना ही बोलकर मैं अपनी वाणी को विराम देती हूँ। फिर से पुन: जोहर!

धन्यवाद!

Address by Dignitaries During Inaugural Function

MS. HIRABEN
Women Water Warrior, Gujarat



सभी मेहमानों को मेरा प्रणाम, मेरा नाम हीराबेन घड़वी है। मैं कच्छ गुजरात से हूँ। मैंने बचपन से लेकर आज तक पानी की कई सारी समस्या को देखा भी है और सहा भी है। मैंने पानी की बहुत कुछ तकलीफें देखी हैं।

आप लोगों ने मुझे स्टेज पर बुलाकर जो मेरी यह सब बात सुनाने का मौका दिया है यह सिर्फ मेरी नहीं है मेरे जैसी ऐसी कई औरतों के बारे में मैं बोल रही हूँ। बचपन में मेरे मां-बाप चल बसे थे तब मैंने अपनी आधी जमीन बेच दी और हम अपना दूसरा बौर बनाकर अपना घर परिवार चला रहे थे। तब भी हमने बहुत सारी परेशानियों का सामना करा था। इसके बाद मेरी शादी हुई, मेरे ससुराल की हालत भी बहुत खराब थी। वहां की हालत इतनी खराब थी कि हम मुट्ठी भर धान भी नही कमा पाते थे। वहां का पानी का टीडीएस 5000 से 6000 तक था तब वहां से अपना गांव छोड़कर दूसरे गांव में आई। इसी तरह कई अन्य लोग गांव छोड़कर चले गए थे। मैं भी अपना गांव छोड़कर दूसरे गांव में आई और हैन्डीक्राफ्ट का काम शुरू करके अपना घर जैसे-तैसे चला रही थी।

मेरे घर के सामने ही बुजुर्ग जानकार भाई रहता था, वह बुजुर्ग भाई कई सालों से पानी बचाने पर काम कर रहा था। तब मैंने उस भाई के साथ जुड़कर, मैंने भी बहुत सारे पानी के जुड़े हुए कामों में साथ दिया। मैंने मीटिंग में जाकर देखा कि वहां औरतें तो कोई थी नहीं, औरतों का भाग तो छूटता ही जा रहा था। औरतों को पानी की सुबह से लेकर शाम तक जरूरत होती है और बहनें इन कामों से कहीं भी जुड़ी हुई नहीं थीं। इसीलिए मैंने अपना घर से बाहर कदम रखा और मैंने यह सब कुछ काम करने के लिए सोच लिया और ठान लिया कि मैं भी इसके अंदर बहुत सारी औरतों को जोड़ दूंगी।

तब मुझे काम करने के लिए बहुत तकलीफ का सामना करना पड़ा था क्योंकि मैं पढ़ी लिखी नही हूँ। मुझे ठीक से गुजराती भी लिखना बोलना नही आता था। न ही मुझे हिंदी न ही इंगलिश आती थी। पर मैंने एक संस्था के साथ जुड़कर बहुत सारी ट्रैनिंग ले ली। जिस ट्रैनिंगों से मैंने बहुत कुछ टेक्निकल भी सीखा और भी बहुत कुछ सीखा। सबसे पहले मैंने वाटर सिक्योरिटी प्लान सीखा और उसमे से मैंने जियोलॉजी और जियोहाइड्रोलॉजी की ट्रेनिंग भी ली और ऐसी कई सारी मैंने ट्रैनिग ली और कई सारी बहनों को मैंने प्रेरणा दी। जैसे कि, मैंने आस-पास के अन्य गांवों की बहनों को इसके साथ जोड़ा, मैंने हर गांव की हर बहनों को इसके साथ जोड़ा और मैंने जो खुद ट्रैनिंगें ली उसे मैंने खुद उन सारी बहनो के साथ प्रैक्टिकल भी किया। जैसे कि सोइल मॉईश्चर है, सोइल सेंस है, वॉटर सिक्योरिटी प्लान के अंतर्गत जो कुछ होता है वह सब मैंने सीखा। मैं आप सभी का तहेदिल से धन्यवाद करती हूँ कि आपने मुझे यह मौका दिया। यह सम्मान सिर्फ मेरे लिए ही नही है, यह भारत कि हर उस बेटी के लिए है जो यह सब काम करने की इच्छा रखती हैं और जो पानी बचाने पर मेहनत करते हैं। आज उनका यह सब मान है।

धन्यवाद!

Address by Dignitaries During Inaugural Function

SHRI GAJENDRA SINGH SEKHAWAT
Hon'ble Minister, MoJS

7th India Water Week के उद्घाटन के अवसर पर कार्यक्रम को एक गरिमा और नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए हम सब के बीच में उपस्थित भारत की महामहिम राष्ट्रपति आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी, कार्यक्रम में हम सबके बीच में उपस्थित उत्तर प्रदेश राज्य की महामहिम राज्यपाल आदरणीय श्रीमती आनंदी बैन जी, कार्यक्रम में उपस्थित उत्तर प्रदेश राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी, मंच पर उपस्थित मंत्रिमंडल में मेरे साथी आदरणीय श्री प्रहलाद पटेल जी, आदरणीय श्री विश्वेश्वर टुडु जी, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार जी, कार्यक्रम में उपस्थित His Excelency, Minister and Delegates from the different parts of the world, राज्यों के माननीय मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि गण, वाटर वॉरियर्स, सब्जेक्ट स्पेशलिस्ट, 'Keynote' Speakers, अधिकारीगण, स्टेकहोल्डर्स, देवियों और सज्जनों।

7th इंडिया वाटर वीक के उद्घाटन के इस अवसर पर मैं आप सबका स्वागत करता हूँ। आप सबका मन पूर्वक अभिनंदन करता हूँ। मित्रों आज हम सब लोग जो विभिन्न पृष्ठभूमियों से आते हैं एक ऐसे संकट और एक ऐसी चुनौती का समाधान खोजने के लिये यहां एकीकृत हुए हैं जो आज पूरे विश्व के लिए बदलते हुए इस परिदृश्य में चिंता और चिंतन का विषय बना है। यह देखना मेरे लिए अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि हम सब लोग इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने के लिए इतनी बड़ी संख्या में देश और दुनिया से, देश और दुनिया के अलग-अलग कोनों से एक साथ एकत्रित हुए हैं। हम सब जानते हैं कि दुनिया आज जल के संकट और आने वाले समय में होने वाली चुनौतियों का सामना कर रही है। बढ़ती हुई आबादी, बढ़ता हुआ Urbanization, Climate का होता हुआ परिवर्तन, बे-मौसम सूखा, बे-मौसम आने वाली बाढ़, जल प्रदूषण आदि चुनौतियों ने जल के संकट को वैश्विक संकट के रूप में परिवर्तित किया है। मित्रों, यह समय की मांग है कि इन चुनौतियों का सामना करने के लिए हम सब एक साथ एकत्रित आएं, एक साथ मिलकर के इन सब विषयों पर विचार करें क्योंकि यह वैश्विक चुनौति या वैश्विक संकट किसी एक देश या एक सामाज या एक संगठन के द्वारा समाधान हो सके ऐसा अब संभव नहीं है। इंडिया वाटर वीक इन सभी चुनौतियों पर चर्चा करने के साथ-साथ sustainable development और उसके लिए जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और सार्थक समाधान खोजने के लिहाज से दुनियाभर के जल क्षेत्र में काम करने वाले सभी स्टेकहोल्डर्स को एक साथ लाने का भारत द्वारा किया गया एक अनूठा प्रयास है।

2012 में प्रारंभ होकर के लगातार सात वर्ष बीच के 2 साल कोविड-19 व्यवधान के कारण से हम सब लोग इस विषय पर चिंतन मनन करने के लिए एक साथ एकत्रित नहीं हो पाए लेकिन निरंतर हम सब लोगों ने इस विषय पर बातचीत की है और आप सब के सहयोग के चलते यह कार्यक्रम साल दर साल 2012 से लेकर अब तक निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। मैं इस सब के लिए इस सब में आपके सकारात्मक सहयोग के लिए देश-विदेश से जुड़े हुए सभी हित धारकों का सभी स्टेकहोल्डर्स का मन पूर्वक धन्यवाद करना चाहता हूँ।



मित्रों, आज इस Complexed World में जल सुरक्षा से जुड़े हुए जो मुद्दे हैं वह multi-sectoral चुनौतियों का रूप ले रहे हैं। इन सब चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए हम सबको Holistick Approach के साथ में काम करने की आवश्यकता है और इसी विषय को दृष्टिगत रखते हुए 2019 में दोबारा प्रधानमंत्री बनने के साथ ही माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश में विभिन्न जल के aspects पर काम करने वाले डिपार्टमेंट्स को, विभिन्न मंत्रालयों को, विभिन्न डिविजंस को एक साथ Integrate कर एक नए मंत्रालय जल शक्ति मंत्रालय का गठन किया और इस मंत्रालय के गठन के साथ ही जल प्रबंधन और जल संचयन के विषय में और अधिक तालमेल और सामंजस्य के साथ में आज भारत में काम हो रहा है। ऐसा भारत ही नहीं विश्व के सभी लोग अनुभव करते हैं और इसकी चर्चा भी करते हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी ने जल के विषय की प्रासंगिकता, इसकी उपयोगिता, इसकी महत्ता को समझते हुए 2024 तक देश में जल के क्षेत्र में 210 बिलियन यूएस डॉलर का निवेश करना निश्चित किया है और निवेश की इस प्रतिबद्धता के चलते भारत शायद आज दुनिया में जल के क्षेत्र में सर्वाधिक निवेश करने वाला देश बना है। माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के मार्गदर्शन में काम करने वाला इस मंत्रालय का पहला मंत्री बन मैं अपने आप को सौभाग्यशाली महसूस करता हूँ। मित्रों, हम सब जानते हैं कि दुनिया में जो कुल उपलब्ध जल है उसका केवल 4% पानी ही पीने के लिये उपयोग किया जा सकता है और दुनिया की कुल उपलब्ध जल से भारत में जो जल मिला है वह केवल 4% से भी कम है और उसके विपक्ष में भारत में दुनिया की 18% से ज्यादा आबादी और लगभग 18% से ज्यादा Cattle Population भारत में निवास करती है। जबकि वैश्विक मीठे जल का केवल 4% हिस्सा ही हमारे पास में है। और इससे आगे बढ़कर भारत में जिस तरह के विशाल देश होने के नाते जिस तरह की Geospatial Variability है, जिस तरह से विभिन्न तरह की कृषि जलवायु विविधता है, अलग-अलग तरह के वर्षा के Patterns हैं और उसके चलते भारत की चुनौती और भी बड़ी है। भारत की चुनौती और भी बड़ी इसलिए है की जलवायु परिवर्तन का प्रभाव अब आज हमे स्पष्ट रूप से हमारे दरवाजे पर दस्तक देता हुआ दिखाई देता है। जिस तरह से रेनफॉल पैटर्न चैंज हुए हैं, Erratic and Scanty Rainfall होने लगी हैं उसके कारण से हमारी चुनौतीयां और भी अधिक बड़ी हैं।

दूसरी ओर भारत में बढ़ती हुई आबादी और बढ़ते हुए urbanization के कारण से पानी की मांग निरंतर बढ़ती जा रही है। जहां भारत में पिछले 60-70 सालों के आंकड़े भी देखें तो कुल उपलब्ध होने वाले वार्षिक जल जो 4000 बिलियन क्यूबिक मीटर (BCM) के आस-पास है उसमें उसकी मात्रा लगभग पिछले 60-70 वर्षों से Static है निरंतर बराबर समान बनी हुई है। लेकिन उसकी उपलब्धता के कुल दिन में निश्चित रूप से परिवर्तन आया है लेकिन जिस तरह से भारत में urbanization बढ़ा है और पिछले 60-70 वर्षों में जिस तरह से आबादी बढ़ी है जहां प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता 5000 क्यूबिक मीटर से ज्यादा हुआ करती थी वह आज सिकुड़कर के 1500 क्यूबिक मीटर के पास पंहुची है।

दूसरी तरफ जहां माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है और पिछले 8 वर्षों में 2014 से लेकर के हम दसवें पायदान से लेकर के दुनिया में पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सफल हुए हैं, यदि दुनिया की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाएं और दुनिया के ऐसे सारे देश जिन्होंने आर्थिक रूप से प्रगति की है उनकी आर्थिक प्रगति और उसके सापेक्ष यदि उनकी जल की आवश्यकताओं का अध्ययन किया जाए तो हम पाएंगे कि बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था का ग्राफ और पानी की आवश्यकता का ग्राफ एकदम आईडेंटिकल होता है। जिस रास्ते पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम सब लोग चल पड़े हैं आज पांचवी अर्थव्यवस्था से लेकर के 3 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था से लेकर के हम पांच मिलीयन की अर्थव्यवस्था की तरफ ठोस कदमों के साथ तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं और आगे स्पष्ट मार्ग हमने तय किया कि है कि हम 10 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था आने वाले समय में बनने वाले हैं। ऐसे में जल की निरंतर उपलब्धता और Sustainability हम सब लोगों के लिए बहुत बड़ा विषय है और हमें इस दिशा में समग्र समाधान हॉलिस्टिक अप्रोच के साथ में काम करने की आवश्यकता है। भारत की जल संबंधित चुनौतियां और प्रकृति और जटिलताओं का ध्यान रखते हुए हमें और अधिक टेक्नोलॉजी के साथ में काम करने की आवश्यकता है।

मित्रों जल के विषय को लेकर माननीय प्रधानमंत्री जी ने जो दिशा हमें काम करने के लिये दिया वह पांच पी के मंत्र पर आधारित है जिसका Principles of Five 'P' जिसे उन्होंने नाम दिया जिसका पहला 'P' है कि जब कोई भी काम कितना भी बड़ा काम हो उसके लिए उसके समाधान के लिए उस चुनौती के समाधान के लिए 'पॉलीटिकल विल' की आवश्यकता है। दूसरा जो 'P' है वह है कि उस क्षेत्र में 'पब्लिक स्पेंडिंग' हो सरकार उस क्षेत्र में मुक्त हस्त से sustainable निवेश करे। तीसरा जो 'P' है वह है कि उसमें पार्टनरशिप हो। आप जल के परिप्रेक्ष्य में भी यदि अभी हम देखें दुनिया भर में जल के विषयों को लेकर के, अन्य जल के aspects को लेकर के, अलग-अलग देशों ने अपनी प्रवीणता बनाई है। अलग-अलग देशों ने अपनी दक्षता अर्जित की हैं, नई टेक्नोलॉजीज़ डेवलप की हैं। हम उन सबके साथ में पार्टनरशिप करें और अपने काम को और अधिक गति प्रदान करें ऐसी समय की मांग और आवश्यकता है। चौथा जो सबसे महत्वपूर्ण विषय है जो इस Five 'P' प्रिंसीपल का उन्होंने कहा और जिसके लिये अक्सर वह यह कहते हैं कि यह पहला 'P' होना चाहिए इस Five 'P' प्रिंसीपल का पहला पायदान होना चाहिए that is People Participation कितनी भी बड़ी चुनौती क्यों न हो यदि जनता उसे अपने कंधों पर उठा ले, समाज यदि उसे अपना दायित्व समझ ले तो उसे आसानी के साथ में उस चुनौती से पार पाया जा सकता है। और पांचवा है sustainability की निरंतरता के लिए Continuous persuasion इन 5 पी के प्रिंसिपल पर हम सब लोग जल के सस्टेनेबल आपूर्ति के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। मित्रों इसी के साथ साथ में हमारा Traditional Water Manangement System और हमारा जो Traditional Water Wisdom है जो Ancient Water Wisdom है जिसकी अभी एक फिल्म आप सब लोगों ने देखी होगी कि भारत में किस तरह सदियों से पानी को सहेजने की परंपरा थी, जल संसाधनों को संभालने की, उनके साथ में व्यवहार करने की स्थापित पद्धतियां थी उन सबको एक बार जीवन का अंग बनाते हुए हम अपने जल दर्शन पर काम कर रहे हैं। वर्तमान में हमारे जलदर्शन की जो विभिन्न प्राथमिकताएं हैं उसमें से पहली प्राथमिकता है River Rejuvenation and Holistic River Basin Management, दूसरा है Increasing Waters storage by completing long pending

projects as well as enhancing the efficiency of existing dams, तीसरा है community lead initiatives on water conservation and recharge, चौथा है sustainable management of ground water क्योंकि हमारी भूगर्भ के जल पर निर्भरता विश्व में सबसे ज्यादा है। हमारी 65% आवश्यकताओं की आपूर्ति भूगर्भ के जल से होती है, 85% पेयजल की आवश्यकताओं की आपूर्ति भूगर्भ के जल से होती है, एसे में भूगर्भ के जल का संरक्षण और उसका प्रॉपर मैनेजमेंट हम सब लोगों के लिए नितांत आवश्यक है और हमारे दर्शन का जो पांचवा और अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण बिंदु है That insuring security of water supply at community level with equitable access of water for all particularly the most vulnerable और इसी के चलते हमने माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में देश के प्रत्येक घर तक पीने का पानी मिले इसके लिए बहुत तेज गति से मिशन मोड में काम करना प्रारंभ किया है। साथियों आज इस इंडिया वाटर वीक के उद्घाटन के अवसर पर मैं आपसे विनम्रता से निवेदन करना चाहता हूँ, कि यह जो कार्य है यह एक राष्ट्रीय कार्य है और इसमें हम सभी को एक राष्ट्रीय कार्य के समान दायित्व समझते हुए हम सबको साथ आने और जुड़ने की आवश्यकता है।

मित्रों माननीय प्रधानमंत्री जी ने प्रधानमंत्री बनने के साथ ही एक नवनूतन परंपरा देश में प्रारंभ की। ढाई लाख चुने गए जनप्रतिनिधियों को, ग्राम प्रधानों को पत्र लिखकर के अलग-अलग भाषाओं में उनकी बोली भाषाओं में पत्र लिखकर उनसे जल सभा आयोजित करने का आह्वान किया और उसी के साथ साथ में एक जल शक्ति अभियान को प्रारंभ किया और उस जल शक्ति अभियान के माध्यम से हमने जन-जन को जल के साथ में जोड़ने और जल के इस आंदोलन को जन जन का आंदोलन बनाने में सफलता प्राप्त की। मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि प्रतिवर्ष बरसात के समय बरसात से 3-4 माह पहले काम प्रारंभ करते हैं। वर्षा जल संरक्षण, जमीन के जल के पुनर्भरण और वर्षा के जल के संचय के लिए गतिविधियां करते हैं उसके चलते देशभर में पिछले वर्षों में उन 4.8 मिलियन 48 लाख से ज्यादा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण और कायाकल्प करने में हम सफल हुए है। यदि मूल्य की दृष्टि से मैं यह देखूं तो इसका मूल्य लगभग 9 बिलियन डॉलर से अधिक है लेकिन यदि मैं उपायदेयता की दृष्टि से इसे आकलन करूं तो यह भारत के लिए अमूल्य वरदान के रूप में सफल हुआ है। इसी के साथ-साथ भारत में अपने 1.3 अरब लोगों के जीवन की गुणवत्ता में परिवर्तन लाने के लिए हमने सिंचाई के, क्योंकि भारत की अधिक जनसंख्या कृषि पर आधारित है हमने कृषि सिंचाई योजना को भी प्रारंभ किया और जिसमें दो विषय, कि हर खेत को पानी मिले और एक एक बूंद पानी का हम अधिकतम उपयोग कर सकें Per Drop More Crop के प्रिंसिपल के साथ में हमने लाखों हेक्टेयर जमीन, माननीय योगी जी यहां बैठे हैं, केवल उत्तर प्रदेश में ही 20 लाख हेक्टेयर से ज्यादा जमीन नई सिंचाई के कमांड एरिया में लाने में हमने सफलता प्राप्त की है।

हम न केवल नई भंडारण संरचनाएं बना रहे हैं बल्कि मौजूदा बांधों की दक्षता को बढ़ाने के लिए भी dam rehabilitation and improvement programme पर काम कर रहे हैं। पिछले वर्षों में हमने इसके प्रथम चरण को सफलता के साथ में पूरा कर भारत ने अपने आप को इस क्षेत्र में एक यशस्वी योद्धा के रूप में प्रतिस्थापित किया है, और इसके दूसरे चरण में हम लगभग 700 से ज्यादा बांधों पर उनके रिहैबिलिटेशन और उनके इंप्रूवमेंट पर काम हमने प्रारंभ कर दिया है। जैसा मैंने कहा कि हमारी निर्भरता भूगर्भ के जल पर अधिक है, अतः भूगर्भ के जल के सामने आने वाले संकट और चुनौतियों के समाधान के लिए हमने देश में पहली बार पार्टिसिपेटरी वॉटर मैनेजमेंट, demand-side वॉटर मैनेजमेंट की दिशा में काम प्रारंभ किया है और इस योजना के और अटल भूजल योजना के नाम से 7 राज्यों के 81 जिलों में जहां सबसे ज्यादा भूगर्भ के जल की चुनौती थी उन जिलों में हमने काम प्रारंभ किया है जहां हम जल जागरुक जन समुदायों का निर्माण कर रहे हैं।

इसी तरह से national aquifer management programme and mapping programme के तहत हमने देश के 24 लाख वर्ग किलोमीटर के कुल भूभाग में से 20 लाख वर्ग किलोमीटर्स के aquifers को मेप करके और जनता उसका उपयोग कर सकें इस दृष्टिकोण से हमने सफलता प्राप्त की है। इसी क्रम में उल्लेख करना चाहता हूँ कि भारत क्योंकि विविधताओं से भरा हुआ देश है लगभग भारत के एक तिहाई हिस्से में हर साल बाढ़ आती है और एक तिहाई हिस्से से जिस क्षेत्र से मैं आता हूँ उस क्षेत्र में हर साल सूखा पड़ता है। माननीय योगी जी के प्रदेश में अक्टूबर के माह तक बाढ़ का प्रकोप था जबकि मैं जिस प्रदेश से आता हूँ उस प्रदेश में लगभग 5 साल में से 4 साल आधा या पूरा किसी ने किसी तरह से अकाल की परिस्थिति रहती है। भारत में इस विविधता के चलते जिस क्षेत्र में सरप्लस बेसिन है वहां से डेफिसिट बेसिन में हम पानी ट्रांसफर कर सकें इस दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण योजना को हमने प्रारंभ किया है और मैं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी क्योंकि आज यहां उपस्थित हैं इनका अभिनंदन करना चाहता हूँ कि इनके प्रयासों के चलते हम केन और बेतवा नदी को जोड़ने की दिशा में नदी जोड़ने के प्रकल्प की पहली परियोजना पर हम काम करने की दिशा में आगे बढ़ पाए। इसी क्रम में जैसा मैंने कहा कि हमारी प्राथमिकताओं में से हम अपने नदियों और Basins के सुदृढ़ीकरण उनके rejuvenation, rehabilitation भी हमारी प्राथमिकता है। हमारी नदियां सदा नीरा बनी रहे वह अविरल रहें निर्मल रहें इस दृष्टिकोण से माननीय प्रधानमंत्री जी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के साथ में ही नमामि गंगे मिशन की शुरुआत की थी और नमामि गंगे मिशन में गंगा नदी और गंगा नदी की सहायक नदियों को पुनर्जीवित करने उनको निर्मल बनाने उनको अविरल बनाने की दिशा में हमने काम प्रारंभ किया। आज 32 हजार करोड़ रूपये से ज्यादा की परियोजनाएं या तो हम सफलता के साथ में पूरी कर चुके हैं या हम पूर्णता की ओर आगे बढ़ रहे हैं और उसका प्रभाव आज देश और दुनिया के सभी लोग महसूस करते हैं। और शायद ही कहीं कोई विश्व का प्लेटफार्म होगा जहां नदियों के रिहैबिलिटेशन पर चर्चा हो और भारत के नमामि गंगे मिशन की चर्चा न हो ऐसा कोई प्लेटफार्म नहीं हो सकता। यह निश्चित रूप से हम सभी के लिए एक गर्व का विषय है। गंगा नदी पर जो काम हमने किया और उसके चलते जिस तरह की सफलता हमें प्राप्त हुई है उसी से उत्साहित होकर के आज हम देश की अन्य नदियों पर भी और अन्य बेसिन्स पर भी इसी तरह के विषय में काम कर रहे हैं। लेकिन इसके साथ में भी हमने नदियों के संरक्षण, नदियों को स्वच्छ बनाए रखने में आम जन का सहयोग मिले, समाज अपना उत्तरदायित्व समझते हुए उसके साथ में जुड़े और नदी और लोगों का जुड़ाव मजबूत हो इस दृष्टिकोण के साथ में हमने काम किया है। आज

प्रसन्नता के साथ मैं कह सकता हूँ कि पिछले सात वर्षों में जिस तरह से हमने सतत् प्रयास किये हैं उसके चलते आज गंगा नदी के aquatic life में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है और इसे आज पूरा विश्व इस बात का स्वीकार कर रहा है।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने 2014 में जो एक संकल्प देश के सामने रखा था कि 2019 तक हम देश को खुले में शौच से मुक्त करेंगे मैं अभिनंदन करना चाहता हूँ राज्यों के सभी राज्य सरकारों का, अधिकारियों का और उस मिशन से जुड़े हुए सभी स्टेकहोल्डर्स का जिनके साथ आने के चलते हम केवल 5 वर्षों में जिस काम के लिए यूनाइटेड नेशंस में 2030 तक का समय दिया था हम केवल 5 वर्ष के कालखंड में लक्ष्य से 11 वर्ष पहले 10 करोड़ पचास लाख से ज्यादा शौचालय बना करके हम देश को खुले में शौच से मुक्त कर पाएं। लेकिन हम उससे भी आगे बढ़कर अब संपूर्ण स्वच्छता की ओर हमारे गांव जाए, उस दिशा में हम तेज गति के साथ में काम कर रहे हैं। मैं प्रसन्नता के साथ कह सकता हूँ कि देश के 6 लाख गांव में से 1 लाख 15 हजार से ज्यादा गांव आज संपूर्ण स्वच्छता के विभिन्न मानको को प्राप्त कर चुके हैं, और इन सब के चलते जिस तरह की सफलताएं मिली हैं world health organization ने अपनी studies में और Bill N Melinda Gates Foundation ने अपनी Studies में इस बात का दावा किया है कि खुले में शौच से मुक्ति के चलते भारत में जल की अशुद्धता के कारण से जो बिमारियां होती थी उसके चलते जो 3 लाख से ज्यादा मौंते होती थी उनको टालने में हम सफल हुए हैं। हम तीन लाख जिंदगियों को बचाने में माननीय प्रधानमंत्री जी के इन प्रयासों के चलते सफल हो पाए। UNICEF के एक अध्ययन के अनुसार जो भारत में खुले में शौच से मुक्त होने के चलते भारत में प्रति परिवार प्रतिवर्ष लगभग रूपये 50 हजार रूपये के out-of-pocket एक्सपेंसेस जो हेल्थ पर होते थे उनमें कमी आई है। यदि निवेश और निवेश के प्रतिफल की दृष्टिकोण से मैं आकलन करूं तो मैं शायद यह कहूंगा कि विश्व का कोई व्यवसाय या निवेश ऐसा नहीं हो सकता कि जिस का प्रतिफल प्रति वर्ष 500% के बराबर होता है और हमने सफलतापूर्वक उसे अर्जित किया है। निश्चित ही हम सबके लिए यह प्रसन्नता का विषय है।

पानी और स्वच्छता पर हमारी कार्रवाई ने हमारी शिशु मृत्यु दर को भी कम किया है और आज हमारी Infant Mortality रेट 42 जो 2012 में थी, वह घटकर के अब 2022 में 28 रह गई है। इसी क्रम में हमने जल जीवन मिशन की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में की। 2019 में प्रधानमंत्री बनने के बाद लाल किले के प्राचीर से जब उन्होंने इस बात का उद्घोष किया कि हम आने वाले 5 वर्षों में देश के प्रत्येक घर तक पीने का पानी पहुंचाएंगे, अत्यंत चुनौतीपूर्ण दायित्व था। लेकिन आज मैं प्रसन्नता के साथ कह सकता हूँ कि 2019 में जब यह यात्रा हमने प्रारंभ की थी तब केवल 3 करोड़ 23 लाख घरों तक पीने का पानी पहुँचता था। मैं जिस क्षेत्र से आता हूँ उस क्षेत्र में मैंने माताओं बहनों के उस कष्ट को देखा है। मीलों माताओं बहनों को अपने सिर पर मटका उठाकर पीने का पानी लेने के लिए नित्य प्रतिदिन जीवन पर्यन्त यात्रा करनी पड़ती थी। अभी गुजरात की जो बहन अपना अनुभव साझा कर रही थी राजस्थान की परिस्थितियां उससे भी कहीं ज्यादा विकट थी। लेकिन आज मैं प्रसन्नता के साथ में कह सकता हूँ कि कोविड के चुनौतीपूर्ण 2 वर्ष होने के बावजूद भी माननीय प्रधानमंत्री जी की निरंतर प्रेरणा और उनके मार्गदर्शन के चलते जो संख्या 3 करोड़ 23 लाख घरों तक थी या केवल 16% घरों तक जहां पीने का पानी पहुंचता था वह संख्या बढ़कर के आज 10 करोड़ 40 लाख से ज्यादा हो गई है। हमने 54% घरों तक पीने का पानी पहुंचाने में सफलता प्राप्त की है और अभी हाल ही में जिस तरह से शिकागो विश्वविद्यालय में एक नई रिपोर्ट जो है नवाचारों को लेकर के जो अध्ययन हुआ उस अध्ययन का यह अनुमान है कि जल जीवन मिशन की सफलता के बाद में भारत में प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख 36 हजार से ज्यादा ऐसे बच्चे जो 5 वर्ष से भी कम उम्र में 0 से 5 वर्ष की उम्र में पीने के पानी की अशुद्धियों के कारण से कालकवलीत हो जाते थे जिनका देहांत हो जाता था उनका जीवन बचाने में हम सफल होंगे। मैं प्रसन्नता के साथ कह सकता हूँ कि आज गोवा प्रदेश सर्टिफाईड 100% हर घर जल वाला प्रदेश बना है। मैं प्रसन्नता के साथ में कह सकता हूँ कि गुजरात भी आज 100% परसेंट सर्टिफाइड हर घर जल प्रदेश बना है। इसके अतिरिक्त हरियाणा ने, तेलंगाना ने, अंडमान निकोबार ने ऐसे अनेक प्रांत हैं जिन्होंने 100% के इस मानक को प्राप्त कर लिया है। जहां आज एक भी माता बहन को अपने घर से बाहर पीने का पानी लेने के लिए जाने की आवश्यकता नहीं है। अनेक ऐसे प्रांत हैं जो आज 90% से ऊपर हैं । कुछ प्रांतो में हमें गति को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है। लेकिन मुझे विश्वास है कि 2024 तक हम माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हर घर तक पीने का पानी पहुंचाने में सफल होंगे। मैं अपनी बात समाप्त करने से पहले अंत में इतना अवश्य कहना चाहता हूँ कि जिस तरह से हम सभी लोग पानी के aspects पर मिलकर के, सभी पानी के अंग-उपांग पर एक साथ मिलकर के काम कर रहे हैं आज इस गति को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है। विश्व के सभी लोगों को एक साथ मिल बैठकर इस पर चर्चा करने की आवश्यकता है और इंडिया वाटर वीक का यह प्लेटफॉर्म न केवल हमें देश में काम करने वाले सब्जेक्ट स्पेशलिस्ट, देश में काम करने वाले स्टेकहोल्डर्स, अपितु विश्व भर में काम करने वाले लोगों को साथ आने का अवसर प्रदान करता है और इस चुनौती के समाधान के लिये हम सब को समग्र रूप से साथ मिलकर के काम करने की नितांत आवश्यकता है। जैसा हमारे वेद शास्त्र में कहा गया है कि

संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्

देवा भागं यथा पूवेर् सञ्जानाना उपासते

Let us come together for a common cause, let us speak in one voice, let our minds be in sync with each other. Just as in Ancient times the God's shared their portion of sacrifice harmoniously हम सब लोग साथ आयें, हम सब लोग एक तरह से सोचें। इस वैश्विक चुनौती के समाधान के लिये हम एक साथ मिलकर काम करें, हम सब के प्रयासों में, हम सब के सोच में, हम सब के व्यवहार में एकरूपता हो ताकि हम सब लोग मिलकर के इस चुनौती का समाधान कर सकें। आप सब लोगों का एक बार फिर पुनः स्वागत और अभिनंदन करते हुए श्रद्धेय महामहिम राष्ट्रपति महोदया, माननीय महामहिम गवर्नर महोदया और माननीय मुख्यमंत्री जी और आप सबका एक बार पुनः अभिनंदन और आभार करता हूँ।

जय हिंद!

Address by Dignitaries During Inaugural Function

SHRI YOGI ADITYANATH

Hon'ble Chief Minister, Uttar Pradesh

7th इंडिया वाटर वीक के उद्घाटन कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित देश की माननीय राष्ट्रपति आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी, उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल आदरणीय श्रीमती आनंदी बैन पटेल जी, भारत सरकार के जल शक्ति मंत्री माननीय श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी, जल शक्ति राज्य मंत्री माननीय श्री प्रहलाद सिंह पटेल जी, जल शक्ति राज्य मंत्री माननीय श्री विश्वेश्वर टुडु जी, जल शक्ति मंत्रालय के सचिव श्री पंकज कुमार जी आज के इस वाटर वीक सप्ताह के इस उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी माननीय मंत्रीगण, विभिन्न देशों के माननीय राजदूत गण, इस क्षेत्र से जुड़े हुए सभी उपस्थित महानुभाव, मैं सबसे पहले आदरणीय राष्ट्रपति जी का उत्तर प्रदेश की इस धरती पर प्रथम आगमन पर उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उनका हृदय से स्वागत, एवं अभिनंदन करता हूँ।

इस अवसर पर उपस्थित आप सभी महानुभावों का मैं हृदय से स्वागत करता हूँ कि अगले 5 दिन जल संरक्षण जैसे समसामयिक और ज्वलंत मुद्दे पर इस क्षेत्र से जुड़े हुए विशेषज्ञ और स्टेकहोल्डर एक गंभीर चिंतन को आगे बढ़ा कर के आसन्न उन संकटों से मुक्ति दिलाने में अपना योगदान दे पाएंगे। हम सब आभारी हैं आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जिन्होंने इस देश के सामने उच्च प्राथमिक विषय प्रधानमंत्री बनने के साथ ही उपलब्ध करवाए थे और उनमें स्वच्छता और शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए किए जाने वाले प्रयासों के लिए भी था। यह हमारा सौभाग्य भी है कि मैं उत्तर प्रदेश, देश की आबादी के सबसे बड़े राज्य से आता हूँ। उत्तर प्रदेश की आबादी सबसे बड़ी है इसलिए क्योंकि आबादी वहां की सर्वाधिक होगी जहां पर जीवन जीने के लिये सर्वाधिक उपयुक्त अवसर भी होंगे। और हम सब यह जानते हैं कि यह हमारी पुरानी मान्यता है कि 'जल है तो जीवन है' यानि जल की पर्याप्त उपलब्धता इस क्षेत्र में जीवन की अनुकूलता को ही उसके नजदीक लेकर आया और जल की अपर्याप्त उपलब्धता आज भी हम सबके सामने हैं। उत्तर प्रदेश देश के अंदर भूगर्भ जल हो या फिर सरफेस वाटर की उपलब्धता हो दोनों में हमारे पास पर्याप्त मात्रा में जल संसाधन प्रदेश के अंदर उपलब्ध हैं प्रदेश के अंदर जो सर्वाधिक क्रिटिकल क्षेत्र में माने जाते थे, उनमें बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र माने जाते थे, लेकिन वहां पर भूगर्भीय जल भले ही कम हो लेकिन सतही जल पर्याप्त मात्रा में हमारे पास उन क्षेत्रों में उपलब्ध है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से विगत साढ़े 5 वर्ष के अंदर जब इसका उचित नियोजन प्रारंभ हुआ, आज हम उससे काफी हद तक न केवल पेयजल के लिये बल्कि सिंचाई की उपलब्धता के लिये भी उस जल का बेहतरीन प्रबंधन उन क्षेत्रो में हुआ है। उत्तर प्रदेश के अंदर विगत कुछ वर्षों के अंदर जल प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य प्रारंभ हुये हैं और वास्तव में बहुत अच्छे परिणाम भी दे रहे हैं।

यहां पर कुछ क्षेत्रों की चर्चा हुई अगर मैं आपके सामने बतांऊ कि उत्तर प्रदेश के अंदर एक बड़े भूभाग में हिमालय से आने वाली नदियां हैं। एक बड़े भू-भाग को वह कवर करती हैं और हिमालय से आने वाली जो नदियां हैं अपने साथ सिल्ट लेकर के बहुत बड़ी मात्रा में आती हैं। कभी भी उन नदियों को चैनलाईज़ करने का प्रयास नही हुआ जिससे इनका



दायरा बढ़ता गया। कुछ नदियां जो छोटी नदियां थीं वह लुप्तप्राय भी समय के साथ होती गई और आज मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि उन नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए कन्वर्जेंस के माध्यम से उत्तर प्रदेश ने जो कार्य प्रारंभ किया आज 60 से अधिक ऐसी नदियों को उत्तर प्रदेश के अंदर पुनर्जीवित किया गया है जिनमें फिर से जल की उपलब्धता वहां पर दिखाई देती है। यानि जो एक प्रकार से लुप्त हो गई थीं, जिन्हे लोग मानते थे कि सेटेलाईट से ही केवल उनका दर्शन हो सकता था, वह आज फिर से वहां पर जल की उपलब्धता के कारण हम सबके सामने है।

दूसरा नमामि गंगे प्रयोजना के कार्य प्रारंभ हुये वह हम सबके सामने है। अकेले कानपुर नमामी गंगे प्रयोजना में हम सबका सौभाग्य है कि मां गंगा उत्तर प्रदेश के अंदर सर्वाधिक भूभाग को कवर करती है और उसका सबसे क्रिटिकल प्वाइंट (critical point) जो था वो कानपुर था। कानपुर में 14 लाख लीटर सीवर प्रतिदिन गंगा में गिरता था। नमामी गंगे प्रयोजना के बाद सीसामऊ में जहां पर लगभग 100 वर्षों से अधिक समय से करीब 14 करोड़ लीटर सीवर गिरता था आज वह सीवर प्वाइंट नही बल्कि सेल्फी-प्लाइंट बना हुआ है। एक भी बूंद सीवर का पानी आज वहां गंगा नदी में नहीं गिरता है। यह नमामि गंगे परियोजना का परिणाम है। कानपुर के जाजमऊ में जहां पर एक भी जलीय जीव नही थे नमामि गंगे परियोजना के बाद फिर से जलीय जीव वहां पर देखे जा सकते हैं। और यही नही अविनाशी काशी में काशी के बारे में मुझे याद है आज से लगभग 3 वर्ष पहले 2019 में जुलाई माह में अचानक बाढ़ की स्थिति आई थी। मैं वहां काशी गया था। एनडीआरएफ के साथ मैं गंगा नदी के साथ चलते हुए बाढ़ क्षेत्रों का दौरा कर रहा था। स्टीमर में हम बैठे हुए थे एनडीआरएफ के सामने मैंने एक प्रश्न किया कि मुझे एक बात बताइए नमामि गंगे परियोजना के पहले और नमामि गंगे परियोजना के बाद आपको क्या अंतर दिखाई देता है, तो एनडीआरएफ के जवानों में मुझे बताया कि दो चीजें हम आपको दिखा सकते हैं। एक, इससे पहले जब एनडीआरएफ के जवान अपनी नियमित प्रैक्टिस करते थे गंगा में, तो चार दिन पांच दिन की प्रैक्टिस के बाद उनकी पूरी बॉडी पर लाल-लाल चकत्ते पड़ जाते थे। जो दिखाता था की गंगा जी का जल पेय जल की बात तो दूर वह स्नान करने के लायक भी नही। लेकिन नमामी गंगे परियोजना को लागू करने के बाद और प्रभावी क्रियान्वयन के बाद आज जब हम लोग गंगा में प्रैक्टिस करते हैं और महीनों-महीनों प्रैक्टिस करते हैं लेकिन कहीं कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। यह एक हमें गंगा के जल में वाराणासी में देखने को मिलता है और दूसरा उन्होंने हमें कहा की गंगा की पहचान थी गंगे डॉलफिन से, फिर से डॉलफिन यहां पर दिखाई दे रही हैं और डॉलफिन के दर्शन भी हम आपको यहां करा सकते हैं। यानि यह दो चीजें यहां परिवर्तित होती नजर आ रही हैं। और उसके बहुत अच्छे परिणाम हम सबके सामने देखने को मिले हैं। इस पर तेजी के साथ कार्य चल रहा है और हम इस बात को मान सकते हैं कि नमामि गंगे परियोजना एक आदर्श उदाहरण हो सकता है, अब तक का गंगा की परियोजना को गंगा की अवरलता और निर्मलता के लिये।

दूसरा 2019 में हम लोगों ने प्रयागराज कुंभ किया था और प्रयागराज कुंभ ने अपनी स्वच्छता, सुरक्षा और सुव्यवस्था का एक मानक प्रस्तुत किया था। गंगा के तट पर गंगा और यमुना जी के संगम पर इतना बड़ा सांस्कृतिक आयोजन, मानवता का जमावड़ा गंगा स्नान के उद्देश्य से हुआ था। और उनको पहली बार लगा, दशकों के बाद जो वहां पर पूज्य सज्जन आये थे, देश और दुनिया से आने वाले श्रद्धालु आये थे उनको लगा की वस्ताव में गंगा का जल भी निर्मल हो सकता है और वह उन्होंने प्रयागराज कुंभ के अवसर पर भी उन्हें देखने को प्राप्त हुआ था। यह वर्ष भारत की आजादी का अमृत महोत्सव है। और देश के आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने पूरे देशवासियों का आह्वान किया था कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष पर हम सब का संकल्प होना चाहिए, जल संरक्षण का और इसके लिए हर ग्राम पंचायत में हर नगर निकाय में अमृत सरोवर भी खोदे गए थे। बड़े पैमाने पर अकेले उत्तर प्रदेश के अंदर अब तक हम लोग 58 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर के सभी कार्यक्रम पूरे कर चुके हैं और हर नगर निकाय में भी अमृत सरोवर के कार्यक्रम में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को आगे बढ़ाया है।

उत्तर प्रदेश देश के उन राज्यों में है जिसने 2018 में ही अपने आप प्लास्टिक को पूरी तरह बैन कर दिया था। प्लास्टिक के बदले हम लोगों ने थर्मोकोल का इस्तेमाल किया लेकिन अगर संपूर्ण स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त करना है तो प्लास्टिक और थर्मोकोल को हमें नकारना ही पड़ेगा, व्यवस्था से उसे अलग करना पड़ेगा और उसके बदले में लोगों को मिट्टी के बर्तन या परंपरागत रूप से जो बर्तन उपयोग करते हैं उनका उपयोग करने के लिए हम लोगों ने प्रेरित किया। हम लोगों ने प्रदेश के माटी कला बोर्ड से जुड़े हुए कुम्हार और प्रजापति समुदाय के लोगों को इस बात के लिए प्रेरित किया कि वह अपने मैनुअल चाक की बजाय इलैक्ट्रीक और सोलर चाक का उपयोग करें। सरकार ने इसके लिये उनको सब्सिडी दी। हमने उन्हें अप्रैल से जून तक गांव के तालाब की मिट्टी भी फ्री में निकालने के लिए उपलब्ध करवाई और परिणाम हम सबके सामने है कि पर्याप्त मात्रा में थर्माकोल और प्लास्टिक से बने हुए कप गिलास या प्लेट के बदले जब मिट्टी के बर्तन भी उसी दाम पर मिलने प्रारंभ हुए तो बड़े पैमाने पर गांव में जल संरक्षण के लिए तालाब तैयार हुए और इसमें बहुत सारे लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होता हुआ दिखाई दिया है।

ये बहुत सारे उदाहरण है लेकिन जल संरक्षण के लिए अलग-अलग स्तर पर प्रयास प्रारंभ किए गए हैं। आज हम लोगों ने जितनी भी हमारी डेवलपमेंट अथॉरिटी है उन सब को इस बारे में कहा है। घर का नक्शा बनाना हो या फिर कोई सरकारी भवन रेन वाटर हारवैस्टिंग उनमें अनिवार्य रूप से लगना चाहिए। हम केवल इस मुगालते में ना रहे की उत्तर प्रदेश में पर्याप्त जल संसाधन है तो हम इसे नजरअंदाज कर ले यह आज की आवश्यकता है और भविष्य की भी क्योंकि बढ़ती हुई आबादी पेयजल के संकट के प्रति भी हमें आगाह कर रही है और जितनी जल की आपूर्ति प्रत्येक व्यक्ति के लिए होनी चाहिए उस रूप में हो सके और उस दिशा में एक तरफ प्रयास हुआ है। दूसरी तरफ जल जीवन मिशन के अंतर्गत 'हर घर नल' की योजना जो बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र सबसे सूखा क्षेत्र उत्तर प्रदेश के अंदर माना जाता था आज आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हम लोग दिसंबर 2022 तक बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र के हर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने की स्थिति में होंगे और हर घर में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता जिस क्षेत्र में टैंकर से पानी जाता था, लोग मीलों-2 दूर जाते थे और वहां से जल भर कर के लेकर आते थे तब भी वह शुद्ध जल नही होता था। आज शुद्ध जल की आपूर्ति उन क्षेत्रों में होती हुई दिखाई दे रही है। यह देखकर के आनंद की अनुभूति होती है। और हर व्यक्ति प्रधानमंत्री जी के प्रति अपनी क्रतज्ञता का भाव ज्ञापित करता है और धन्यवाद ज्ञापित करता है।

आज के इस अवसर पर जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए हमे एक व्यवस्था के साथ जुड़ना ही पड़ेगा, न केवल शुद्ध पेयजल आज की आवश्यकता है बल्कि जीवन को बचाने की आवश्यकता भी है। स्वच्छता और शुद्ध पेयजल की आपूर्ति न होने के कारण कभी उत्तर प्रदेश के 38 जनपदों में इंसेफलाइटिस से हजारों मौंते होती थी और आज शुद्ध पेयजल की आपूर्ति और स्वच्छता के लक्ष्य को प्रदान करने के उपरांत 95 फीसदी मौतों को नियंत्रित करने में पूरी तरह हमें सफलता प्राप्त हुई है। और मैं इस बात के लिए धन्यवाद दूंगा भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय को कि विगत 2 वर्षों की कोविड-19 की चुनौती को देखने के बावजूद यह वर्ष फिर से इंडिया वाटर वीक के रूप में अगले 5 दिनों तक यहां पर मनाया जाएगा इस फील्ड से जुड़े हुए जो विशेषज्ञ हैं और अन्य वक्ताओं के महत्वपूर्ण विचारों को जो इस फील्ड में कार्य करने वाले महानुभाव हैं उन सब के महत्वपूर्ण बातों को यहां पर सुनने का और उसके माध्यम से एक ठोस कार्य योजना को आगे बढ़ाने का अवसर प्राप्त होगा। मैं एक बार फिर से आज के उद्घाटन कार्यक्रम में देश की माननीय राष्ट्रपति जी का एवं अन्य महानुभावो का ह्रदय से स्वागत करता हूँ, अभिनंदन करता हूँ, और विश्वास व्यक्त करता हूँ कि आप सभी जल संरक्षण और आने वाले संकटों को ध्यान में रखते हुए एक निर्णायक स्थिति में पहुंचेंगे और देश को और दुनिया को आने वाली उन चुनौतियों से अभी से अपनी तैयारी करने के लिए प्रेरित करेंगे। आप सबका ह्रदय से स्वागत और इस पूरे वाटर वीक के लिए मेरी शुभकामनाएं।

धन्यवाद!

जय हिन्द!

Address by Dignitaries During Inaugural Function

SMT. ANANDIBEN PATEL

Hon'ble Governor of Uttar Pradesh



देश की माननीय राष्ट्रपति आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी, उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी, माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी, माननीय जल शक्ति राज्यमंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल जी, माननीय जलशक्ति राज्यमंत्री श्री विश्वेश्वर टुडु जी, जल संसाधन मंत्रालय के सचिव श्री पंकज कुमार जी, हमारी दोनों महिलाओं जो झारखंड और गुजरात में अच्छी तरह से काम कर रही हैं दोनों महिलाओं को मैं बहुत-बहुत बधाई देती हूँ। उपस्थित अन्य गणमान्य जन प्रतिनिधियों, देश विदेश से आए हुए सभी वाटर एक्सपर्ट, देवियों और सज्जनों, देश की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का में उत्तर प्रदेश की पावन धरती पर राष्ट्रपति बनने के बाद प्रथम आगमन पर हार्दिक स्वागत और अभिनंदन करती हूँ।

यह उत्तर प्रदेश के लिये बहुत सौभाग्य की बात है कि माननीय राष्ट्रपति जी आज यहां सातवें भारत जल सप्ताह के अवसर पर आयोजित सतत विकास और समानता के लिए जल सुरक्षा विषय एक महत्वपूर्ण थीम पर देशवासियों को संबोधित करेंगी। मुझे स्मरण है कि 25 जुलाई 2022 को माननीय राष्ट्रपति जी ने भारत के राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के अवसर पर अपने उदबोधन में कहा था, मैंने जंगल और जलाशय के महत्वों को अपने जीवन में महसूस किया है हम प्रकृति से जरूरी संसाधन लेते हैं और उतनी ही श्रद्धा से प्रकृति की सेवा भी करते हैं। यही संवेदनशीलता आज वैश्विक अनिवार्यता बन चुकी है। माननीय महोदया का यह कथन आज यहां सार्थक भी हो रहा है जब वह जल सुरक्षा पर हम सब का मार्गदर्शन करें कि भारत के विकास में पानी की कमी बाधा न बने इसके लिए काम करते रहना हम सभी का दायित्व है, सबका प्रयास बहुत आवश्यक है। हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के प्रति भी जवाबदेह हैं, पानी की कमी की वजह से हमारे बच्चे अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण के कार्य में ना लगा पाएं, उनका जीवन पानी की किल्लत से निपटने में ही बीत जाए यह हमें नहीं होने देना है। इसके लिए हमें युद्ध-स्तर पर अपना काम जारी रखना होगा। आजादी के 75 साल का समय बीत गया अब हमें बहुत तेजी से कार्य करना है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि देश के किसी भी हिस्से मे टेंकरो या ट्रेनों से पानी पहुंचाने की फिर नौबत ना आये। गांधी जी कहते थे कि ग्राम स्वराज का वास्तविक अर्थ आत्मबल से परिपूर्ण होना है इसलिए हमारा निरंतर यह प्रयास होना चाहिए कि ग्राम स्वराज की यह सोच सीढ़ियों की तरफ आगे बढ़े। ग्राम स्वराज का मतलब सिर्फ पंचायत में चुनाव कराना ही नही होता है, ग्राम स्वराज का असली लाभ तभी मिलेगा जब गांव में रहने वालों की गांव के विकास कार्यों से जुड़ी प्लानिंगऔर मैनेजमेंट तक में सक्रिय सहभागिता होगी। इसी लक्ष्य के साथ सरकार द्वारा जल और स्वच्छता के लिये आज एक तरफ ग्राम पंचायत को ज्यादा से ज्यादा अधिकार दिये जा रहे हैं तो दूसरी तरफ पारदर्शिता का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। सरकार की प्रतिबद्धता का एक बड़ा प्रमाण जल जीवन मिशन और पानी समितियां भी हैं।

जल जीवन मिशन स्कीम के तहत अब तक 17 करोड़ से अधिक ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया है जिनमें 3 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को जल का कनेक्शन प्रदान किया है। पानी का उपयोग हमे प्रसाद की तरह करना होगा। लेकिन कुछ लोग पानी को प्रसाद नही, बहुत सहज सुलभ मानकर उसे बर्बाद करते हैं, वह पानी का मूल्य ही नही समझते हैं । पानी का मूल्य वो समझता है जो पानी के अभाव में जीता है। कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में भी पानी की बहुत बड़ी भूमिका है। हर घर जल पहुँचेगा तो बच्चों का स्वास्थ्य भी सुधरेगा।

हमारे सामने अनेक महानुभवों के उदाहरण हैं जिन्होंने जल संरक्षण, जल संचयन को अपने जीवन का सबसे बड़ा मिशन बनाया हुआ है। ऐसे लोगों से सीखा जाना चाहिए, प्रेरणा लेनी चाहिए। आज इस कार्यक्रम के माध्यम से मैं कहना चाहूँगी कि ग्राम पंचायतें गांव में पानी के स्रोतों की सुरक्षा और स्वच्छता के लिये भी जी जान से काम करें। बारिश के पानी को बचाकर घर में उपयोग से निकले पानी का खेती में इस्तेमाल करके कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देकर ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। मित्रों हमने दुनिया को दिखाया है कि हम भारत के लोग दृढ़ संकल्प के साथ सामुहिक प्रयासों से कठिन से कठिन लक्ष्य को भी हासिल कर सकते हैं। हमें एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाना है। अंत में, मैं माननीय राष्ट्रपति महोदया जी का एक बार फिर से उत्तर प्रदेश आने पर अभिनंदन करते हुये उनके प्रति आभार व्यक्त करती हूँ।

जय हिंद !

Address by Dignitaries During Inaugural Function

SMT. DROPADI MURMU

Hon'ble President of India



आज मुझे 7th India Water Week का उद्घाटन करके हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। मुझे खुशी है कि पांच दिन तक चलने वाले इस आयोजन में देश-विदेश से आए विशेषज्ञ जल जैसे समसामयिक मुद्दे पर चर्चा करेंगे और इसके संरक्षण के उपाय सुझाएंगे। मैं इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए जल शक्ति मंत्री, गजेन्द्र सिंह शेखावत जी, उनके सहयोगियों और उत्तर प्रदेश सरकार की सराहना करती हूं।

जल के बिना किसी भी जीवन की कल्पना असंभव है। भारतीय सभ्यता में तो जीवन में, और जीवन के बाद की यात्रा में भी जल का महत्व है। आप लोगों में से, ज्यादातर लोगों ने ऋषि भगीरथ द्वारा पवित्र गंगा को जमीन पर लाने का कारण सुना होगा। अपने पुरखों को मोक्ष दिलाने के लिए उन्होंने तपस्या की और गंगा नदी का पृथ्वी पर अवतरण हुआ। विज्ञान के इस युग में यह कहानी भले ही मिथक लगे, पर इसका सार है - जल का हमारे जीवन में महत्व। भारतीय सभ्यता में पानी को दैव रूप में जाना जाता है। ऋग्वेद में लिखा है:

या आपो दिव्या उत वा स्रवन्ति खनित्रिमा उत वा या: स्वयज्जा:।

समुद्रार्था या: शचुय: पावकास्ता आपो देवीरिह मामवन्तु॥

अर्थात

जो जल अन्तरिक्ष से उत्पन्न होते हैं, नदी के रूप में बहते हैं, जो खोद कर निकाले जाते हैं, अथवा जो अपने आप उत्पन्न होकर सागर की ओर गति करते हैं, जो दीप्तियुक्त पवित्र करने वाले हैं, वे देवीरूप जल यहां हमारी रक्षा करें।

यही वजह है कि पानी के समस्त स्रोतों को पवित्र माना गया है। लगभग हर धार्मिक स्थल नदी के तट पर स्थित है। ताल, तलैया और पोखरों का स्थान समाज में पवित्रता का होता रहा है। पर वर्तमान समय पर, नजर डालें तो कई बार स्थिति चिंताजनक लगती है। बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण हमारे नदियों और जलाशयों की हालत क्षीण हो रही है, गांवों के पोखरे सूख रहे हैं, कई स्थानीय नदियां विलुप्त हो गयी हैं। कृषि और उद्योग में जल का दोहन जरूरत से ज्यादा हो रहा है। धरती पर पर्यावरण संतलुन बिगड़ने लगा है, मौसम का मिजाज़ बदल रहा है और बेमौसम अतिवृष्टि आम बात हो गयी है।

7 राज्यों में अटल भूजल योजना शुरू

शेखावत ने बताया कि भूगर्भ जल के संरक्षण के लिए सरकार ने अटल भूजल योजना शुरू की है। इसमें सात राज्यों के 81 जिलों में काम शुरू कर दिया गया है। यहां जल जागरूक समुदायों का गठन किया गया है। समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और बिशवेश्वर टुडु भी मौजूद थे।

Publication	Edition	Date	Language	Title of the Story/Report	Page no
Dainik Jaltedeep	Jodhpur	02/11/2022	Hindi	Hon'ble Jal Shakti Minister	12

आमजन को जल प्रबंधन की तकनीक का साझीदार बनाना चाहता है जलशक्ति मंत्रालय : शेखावत

ग्रेटर नोएडा में 7वां इंडिया वॉटर वीक शुरू, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने किया शुभारंभ

नईदिल्ली, 1 नवंबर (ब्यूरो)। जलवायु परिवर्तन से मानव जीवन पर आ रहे बुरे असर को कम करने में भारत वैश्विक रूप से अपनी भूमिका मजबूत कर रहा है। इस उद्देश्य के साथ मंगलवार को ग्रेटर नोएडा में 7वें इंडिया वॉटर वीक का शुभारंभ राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विमर्श करते हुए जलशक्ति मंत्रालय आमजन को जलप्रबंधन की तकनीक का साझीदार बनाना चाहता है। उन्होंने बताया कि जल संकट की प्रासंगिकता को समझते हुए नरेंद्र मोदी सरकार ने वर्ष 2024 तक देश में जल के क्षेत्र में 210 बिलियन डॉलर का निवेश निश्चित किया है। भारत दुनिया में जल के क्षेत्र के सर्वाधिक निवेश करने वाला देश बन गया है।

शेखावत ने कहा कि जल संकट पूरे विश्व के लिए चिंता और चिंतन का विषय बना हुआ है। विशाल आबादी के कारण भारत के लिए तो यह और भी चुनौतीपूर्ण समस्या है। इसके समाधान के लिए पूरे विश्व को मिलकर प्रयास करना होगा। शेखावत ने कहा कि बढ़ती आबादी, बढ़ता शहरीकरण, जलवायु परिवर्तन, बेमौसम सूखा और बाढ़ आदि चुनौतियों ने जल के संकट को वैश्विक संकट के रूप में परिवर्तित किया है। समय की मांग है कि इन चुनौतियां का समाधान हम एक साथ मिलकर खोजें।

7 राज्यों में अटल भूजल योजना शुरू की : शेखावत ने कहा कि भूगर्भ जल के संरक्षण के लिए सरकार ने अटल भूजल योजना शुरू की है। इसमें सात राज्यों के 81 जिलों में काम शुरू कर दिया गया है। यहां जल जागरूक समुदायों का गठन किया गया है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदीजी ने देश को खुले में शौच से मुक्त करने का संकल्प लिया था। इस संकल्प को हमने वर्ष 2019 में ही पूरा कर लिया, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने हमें वर्ष 2026 की समय-सीमा दी थी। पानी और स्वच्छता के विषय में भारत द्वारा किए गए कार्यों को संयुक्त राष्ट्र और अन्य प्रतिष्ठित गैर सरकारी संस्थाओं ने भी सराहा है।

समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और बिशवेश्वर टुडु भी उपस्थित थे।

Publication	Edition	Date	Language	Subject	Page no
Himali Bela	Gangtok	02/11/2022	Nepali	PRESIDENT SMT. DROUPADI MURMU INAUGURATES INDIA WATER WEEK 2022	02

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूद्वारा इण्डिया वाटर विक २०२२ शुभारम्भ

नोएडा, १ नोभेम्बर (हि.स.): राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूले मङ्गलवार इण्डिया एक्सपर्ट मार्ट ग्रेटर नोएडामा इण्डिया वाटर विक-२०२२ को शुभारम्भ गरिन्। यस अवसरमा उनले एकातिर केन्द्र अनि राज्य सरकारहरूले जल संरक्षणको क्षेत्रमा गरिरहेका कार्यहरूको उल्लेख गर्दै अर्कातिर, सीमित जल संसाधनको निम्ति मानिसहरूमा जागरूकता ल्याउन यस क्षेत्रमा अझ कार्य गर्नु पर्ने र आचार व्यवहारमा ल्याउनु पर्ने अपील गरिन्।



यस कार्यक्रममा राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल, मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रिय जल शक्ति मन्त्री गजेन्द्र सिंह शेखावतसहित विशेषज्ञहरू पनि उपस्थित थिए।

मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथले भने, हामी देशका सबैभन्दा धेरै जनसङ्ख्या भएको राज्य उत्तर प्रदेशबाट आउँछौ। सर्वाधिक जनसङ्ख्या त्यही हुन्छ, जहाँ जीवन जीउने व्यवस्था सबैभन्दा धेर हुन्छ। देशमा पर्याप्त जल संसाधन छ, तर नियोजनको अभाव थियो। प्रधानमन्त्री मोदीको प्रयासपछि नियोजन भयो। हामी सबै प्रधानमन्त्रीप्रति आभारी छौ।

उनले अझ भने, कहिले पनि नदीहरूलाई जोड्ने प्रयास भएको थिएन। साना नदीहरू विलुप्तप्राय भए। उत्तर प्रदेशमा ६० भन्दा धेर नदीहरूलाई पुनर्जीवित गरियो। गङ्गाले उप्रको सर्वाधित भूभाग कभर गर्छ। कानपुरमा गङ्गाको सबैभन्दा नराम्रो स्थिति थियो। आज एक थोपा सीवरको पानी नदीमा झर्दैन। आज त्यो स्थान सेल्फी पोइन्ट बनेको छ। जलीय जीव गङ्गामा देखिन थालेको छ। यो नमामि गङ्गे परियोजनाको देन हो। काशीमा एकपल्ट फेरि गङ्गामा डल्फिन देखिन थालेको छ।

केन्द्रिय जलशक्ति मन्त्री गजेन्द्र सिंह शेखावतले भने, हामी सबैलाई थाहा छ कि बढ्दो जलसङ्कटको चुनौतीहरूसँग हामी सबै लडिरहेका छौ। हामी सबै एकसाथ मिलेर विचार गरौं अनि कार्य गरौं, यो समयको माग पनि हो। देश र संसारका कुनै एउटा संस्थाले काम गर्दा समाधान हुने छैन। यस कारण सबै जना लागि पर्नु पर्नेछ। प्रधानमन्त्री मोदीले यस सङ्कटलाई बुझेर जलशक्ति मन्त्रालयको गठन गरेका छन्। देशको जलवायु, वर्षाको निर्धारित समय, कहिले सुखा, कहिले बाढ़ीका कारण हाम्रो चुनौती बढेको छ। बढ्दो जनसङ्ख्याका कारण पानीको खपत बढ्दै गइरहेको छ। भूगर्भ जलमा निर्भरता हाम्रो धेरै छ। यस्ता तमाम चुनौतीहरूको सामना गर्नु पर्नेछ। यो राष्ट्रिय कार्य हो। सबै जना यस अभियानसँग जोडिनु पर्नेछ।

PRESIDENT SMT. DROUPADI MURMU INAUGURATES INDIA WATER WEEK 2022

Publication	Edition	Date	Language	Subject	Page no
Summit Times	Gangtok	02/11/2022	English	PRESIDENT SMT. DROUPADI MURMU INAUGURATES INDIA WATER WEEK 2022	05

Prez appeals to scientists, town planners, innovators to develop techniques to conserve water

GREATER NOIDA, Nov 1 (PTI): President Droupadi Murmu has appealed to scientists, town planners and innovators to try to develop techniques that help conserve water resources, noting that technology can play a key role in water conservation.

Speaking at the seventh edition of the India Water Week, Murmu said providing clean water is a big challenge which requires cooperation from all sections of the society.

"There will be a need to effectively conserve water to meet the demands of our future generation and technology will play an important role in it. Hence it is my appeal to scientists, town planners and innovators that they try to develop techniques for conservation of water resources," she said.

Endorsing recycling of water resources, the president said it can play an important role in conservation and there is a need to raise awareness on the subject.

Jal Shakti Minister Gajendra Singh Shekhawat underlined the need to adopt a holistic approach to conserve water resources.



"In this complex world, the issues related to water security have multi-sector challenges and to effectively tackle them, we need to adopt a holistic approach and keeping that in view, our government merged various divisions working on water resources and it has set an example in front of the world," he said.

Spelling out the challenges put forth by climate change, Shekhawat said erratic and scanty rainfall has further aggravated the challenges in the field.

Shekhawat said the government is following 5P principles in tackling the challenges of water conservation.

"They are — political will, public spending, partnerships, people's participation and persuasion – all these principles we are working on," he said.

Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath, who was also present at the event, said the state has managed to rejuvenate 60 rivers.

"In one part of the state, there are many rivers from the Himalayas which carry silt with them. There were no previous attempts to channelise them and to rejuvenate them, but now with our attempts, 60 rivers have been rejuvenated," he said.

Talking about rejuvenation of the Ganga river, he said even dolphins have returned to the Ganga now.

"We can say now that NMCG (National Mission for Clean Ganga) is an ideal example of how to carry out river rejuvenation," he said.

The chief minister said by providing clean water, deaths due to Japanese encephalitis have dropped by 95 per cent in the northern state between 2017 and 2021.

Uttar Pradesh Governor Anandiben Patel said providing clean water will also play an important role in fighting malnutrition in the country and can help save many children's lives.

The India Water Week is a five-day-long event that has brought together experts, planners and stakeholders from across the globe to address the issues of sustainability of water resources development and management in line with sustainable development goals.

Publication	Edition	Date	Language	Page no
Ajit Samachar	Jalandhar / Chandigarh	02/11/2022	Hindi	01



राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा मनाए गए स्थापना दिवस पर पंजाब-हरियाणा कर्नाटक व मध्य प्रदेश की विधानसभा भवन में रंग-बिरंगी रौशनियों से जगमगाते हुए।

पंजाब सहित 7 राज्यों व 2 केन्द्र शासित प्रदेशों ने मनाया स्थापना दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी बधाई



नई दिल्ली, 1 नवम्बर (भाषा) : देश के सात राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों ने मंगलवार को अपना स्थापना दिवस मनाया। राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति सहित अन्य हस्तियों ने इन राज्यों और प्रदेशों के लोगों को बधाई दी। इस दिन आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश और पंजाब के अलावा केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप और पुडुचेरी की स्थापना हुई थी। हालांकि इनकी स्थापना अलग-अलग वर्षों में की गई थी। भारत में 29 राज्य और 8 केंद्रशासित प्रदेश हैं। साल 1956 में आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश अस्तित्व में आए थे। 1966 में पंजाब और हरियाणा के रूप में दो राज्यों का गठन किया गया, जबकि 2002 में छत्तीसगढ़ का गठन किया गया। राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत यह पहली बार था जब 1956 में भाषायी आधार पर कई राज्यों का गठन किया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ट्वीट किया, 'आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब, लक्षद्वीप और पुडुचेरी के लोगों को स्थापना दिवस की बधाई।

इन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के निवासियों की प्रगति और समृद्धि के लिए मेरी शुभकामनाएं।' अपने संदेश में, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, 'आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब तथा केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप और पुडुचेरी के स्थापना दिवस पर उनके लोगों को बधाई। ये राज्य और केंद्रशासित प्रदेश आने वाले समय में समृद्धि की नई ऊंचाइयों को छुएं।'

Publication	Edition	Date	Language	Page no
Ajit Samachar	Jalandhar / Chandigarh	02/11/2022	Hindi	01



ग्रेटर नोएडा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारत जल सप्ताह समारोह के दौरान एक मटके में जल डालते हुए।

स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाना सबसे बड़ी चुनौती : मुर्मू

कहा-वैज्ञानिक व नगर नियोजक जल संरक्षण की प्रौद्योगिकी विकसित करें

नोएडा, 1 नवम्बर (भाषा) : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वैज्ञानिकों, नगर नियोजकों और नवोन्मेषकों से ऐसी तकनीक विकसित करने का प्रयास करने की अपील की है जो जल संसाधनों के संरक्षण में मदद करे। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि जल संरक्षण में प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। 'इंडिया वाटर वीक' के सातवें संस्करण में अपने संबोधन के दौरान मुर्मू ने कहा कि स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती है जिसके लिए समाज के सभी वर्गों के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'हमारी भावी पीढ़ी की मांगों को पूरा करने के लिए प्रभावी ढंग से जल संरक्षण की आवश्यकता होगी और इसमें प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अत: वैज्ञानिकों, नगर नियोजकों और नवोन्मेषकों से मेरी अपील है कि वे जल संसाधनों के संरक्षण की तकनीक विकसित करने का प्रयास करें।' उन्होंने आम लोगों, किसानों, उद्योगपतियों और विशेषकर बच्चों से जल संरक्षण को अपने व्यवहार का हिस्सा बनाने की भी अपील की। उन्होंने कहा, सिर्फ तभी, हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को बेहतर व सुरक्षित कल दे पाएंगे।' जल सुरक्षा पर वर्तमान स्थिति को चिंताजनक बताते हुए मुर्मू ने कहा, 'बढ़ती आबादी के कारण, हमारी नदियों और जलाशयों की स्थिति खराब हो रही है' और गांव के तालाब सूख रहे हैं और कई स्थानीय नदियां विलुप्त हो गई हैं। उन्होंने कहा, 'कृषि और उद्योगों में पानी का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है। पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, मौसम का मिजाज बदल रहा है और बेमौसम अत्यधिक वर्षा आम हो गई है। ऐसे हालात में जल प्रबंधन पर चर्चा करना बहुत ही सराहनीय कदम है।' राष्ट्रपति ने कहा कि पानी का मुद्दा सिर्फ भारत के लिये ही नहीं बल्कि दुनिया के लिये प्रासंगिक है। उन्होंने कहा, 'यह मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है क्योंकि उपलब्ध मीठे पानी की विशाल मात्रा दो या दो से अधिक देशों के बीच फैली हुई है। इसलिए, यह संयुक्त जल संसाधन एक ऐसा मुद्दा है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय सहयोग आवश्यक है।' समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और जल शक्ति राज्य मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल व विश्वेश्वर टुडू सहित कई गणमान्य हस्तियों ने भाग लिया।

Publication	Edition	Date	Language	Page no
Amar Ujala	Jalandhar / Chandigarh	02/11/2022	Hindi	08

मुर्मू ने 7 राज्यों, 2 केंद्रशासित प्रदेशों को स्थापना दिवस की बधाई दी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को सात राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने ट्वीट कर कहा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब, लक्षद्वीप और पुडुचेरी के लोगों को स्थापना दिवस की बधाई। इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निवासियों को प्रगति और समृद्धि के लिए शुभकामनाएं देती हूं। एजेंसी



Publication	Edition	Date	Language	Page no
Amar Ujala	Jalandhar / Chandigarh	02/11/2022	Hindi	08

स्वच्छ पेयजल के लिए संयुक्त प्रयास की जरूरत : राष्ट्रपति

ग्रेटर नोएडा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, जल संरक्षण एक वैश्विक मुद्दा है और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त प्रयास किए जाने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने जल संसाधन के संरक्षण व उपयोग के बारे में जागरूकता लाने के लिए ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में सातवें भारत जल सप्ताह का मंगलवार को उद्घाटन किया।

कहा-जल संरक्षण वैश्विक मुद्दा, ग्रेटर नोएडा में सातवें भारत जल सप्ताह का किया उद्घाटन

राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्यक्रम में कहा, जल के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। भारतीय सभ्यता में जल को जीवन के दौरान और जीवन के पश्चात भी महत्वपूर्ण माना गया है। यही वजह है कि जल के सभी स्रोतों को पवित्र माना जाता है। लेकिन वर्तमान समय में स्थिति चिंताजनक है। बढ़ती आबादी के कारण हमारी नदियां और झीलें कम पड़ रही हैं। गांवों के तालाब सूख रहे हैं और कई स्थानीय जल धाराएं गायब हो गई हैं। खेती और उद्योगों में जल का अधिकतम इस्तेमाल हो रहा है। धरती का पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, मौसम चक्र में बदलाव आ रहा है और बेमौसम बहुत अधिक बारिश होना आम होता जा रहा है। इन हालात में जल प्रबंधन के बारे में चर्चा करना सही कदम है। ब्यूरो

Publication	Edition	Date	Language	Page no
Punjab Kesari	Jalandhar / Chandigarh	02/11/2022	Hindi	05

बढ़ती आबादी से नदियों व जलाशयों की हालत बिगड़ी : द्रौपदी मुर्मू

नोएडा, 1 नवम्बर (नवोदय टाइम्स): ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट सैंटर में मंगलवार दोपहर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 7वें इंडिया वाटर वीक का शुभारंभ किया। राष्ट्रपति ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना करना असंभव है।

भारतीय सभ्यता में जल जीवन में ही नहीं जीवन के बाद की यात्रा में भी महत्वपूर्ण है इसलिए सभी जल स्रोतों को पवित्र माना जाता है लेकिन फिलहाल स्थिति पर नजर डालें तो स्थिति चिंताजनक लगती है। बढ़ती आबादी के कारण हमारी नदियों और जलाशयों की हालत बिगड़ रही है, गांवों के तालाब सूख रहे हैं और कई



7वें इंडिया वाटर वीक में संबोधित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

स्थानीय नदियां विलुप्त हो गई हैं।

कृषि और उद्योगों में पानी का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है। पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, मौसम का मिजाज बदल रहा है और बेमौसम अत्यधिक वर्षा आम हो गई है। ऐसे में जल प्रबंधन पर चर्चा बहुत सराहनीय कदम है।

Publication	Edition	Date	Language	Page no
Dainik Jagran	Jalandhar / Chandigarh	02/11/2022	Hindi	05



ग्रेटर नोएडा में मंगलवार को इंडिया वाटर वीक के सातवें संस्करण के उद्घाटन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु। इस अवसर पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे ●प्रेट्र

जल संरक्षण के लिए विकसित करें नई तकनीक : राष्ट्रपति

जासं, ग्रेटर नोएडा : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बढ़ते जल संकट की चुनौती से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त प्रयास करने का आह्वान किया। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट एंड सेंटर में इंडिया वाटर वीक के सातवें संस्करण का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जल आज बहुआयामी और जटिल मुद्दा है। बढ़ती जनसंख्या व शहरीकरण के कारण जल प्रबंधन, संचयन व वाटर गवर्नेंस समय की जरूरत है। जल के सतत व समान वितरण, रिसाइकिल के कार्य प्रभावी ढंग से करने होंगे। इसमें तकनीक की अहम भूमिका होगी।

उन्होंने विज्ञानियों, टाउन प्लानर व नवोन्मेषकों से अपील की कि वह आधुनिक तकनीक विकसित करें। आगाह किया कि जल संसाधन राष्ट्रीय सुरक्षा का भी गंभीर मुद्दा है। जल संसाधनों को साझा करने वाले दो या दो से अधिक देश इसे हथियार के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। यह अंतरराष्ट्रीय संघर्ष का कारण बन सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विचार मंथन से जो अमृत निकलेगा, वह पृथ्वी पर मानव जीवन के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा।

MAGZTE

Publication	Edition	Date	Language	Page no
Uttam Hindu	Jalandhar / Chandigarh	02/11/2022	Hindi	02

सातवें वाटर वीक का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन

ग्रेटर नोएडा/उत्तम हिन्दू न्यूज

- आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और समृद्ध जल स्रोत देना हमारी जिम्मेदारी-मुर्मू

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोमार्ट सेंटर में भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सातवें इंडिया वाटर वीक का शुभारंभ किया है। इस दौरान राष्ट्रपति ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, भारतीय परंपराओं में जल संरक्षण प्रारंभिक रूप से देखा जा सकता है। हमारे देश में धार्मिक, सामाजिक और व्यक्तिगत जिम्मेदारी जल स्रोतों का संरक्षण है। यह हमारा नैतिक दायित्व है कि आने वाली पीढ़ियों को समृद्ध और सुरक्षित जल स्रोत सौंपकर जाएं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इंडिया एक्सपोमार्ट सेंटर पहुंचे। उनका स्वागत उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी राष्ट्रपति से मिले। कार्यक्रम को योगी आदित्यनाथ और आनंदीबेन पटेल ने भी संबोधित किया है। यह कार्यक्रम ग्रेटर नोएडा में 5 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान देश और दुनिया भर से आए शोधकर्ता, उद्यमी, इंजीनियर और वैज्ञानिक जल संरक्षण, संवर्धन और जल स्रोतों के विकास पर चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति श्रीमति मुर्मू ने कहा, जल का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। भारतीय सभ्यता में पानी को दैवीय रूप में जाना जाता है। हमारे देश में पूजा-पाठ का विधि-विधान जल पूजा से प्रारंभ होता है। नदियों, सरोवर और दूसरे जल स्रोतों के निकट हमारी सभ्यता विकसित हुई है। बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण पानी के विशाल भंडार सूख रहे हैं। यह समस्या केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के सामने आकर खड़ी हो चुकी है। दुनिया का एक बड़ा हिस्सा पीने के पानी के लिए परेशान है। मुर्मू ने आगे कहा, देश में जल संचयन को लेकर भारत सरकार द्वारा कई प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। इनमें पानी की रीसाइक्लिंग प्रोसेस का बहुत बड़ा रोल है। पानी को बर्बाद होने से रोकना बेहद जरूरी है।



MAGZTER

Publication	Edition	Date	Language	Page no
TOI	Lucknow	02/11/2022	English	01

Noida is India's top place for investment, says Yogi

CM Takes A Dig At Akhilesh On Law & Order In His Govt

Aditya.Dev@timesgroup.com

Noida: A day after he inaugurated the state's and north India's first big data centre in Greater Noida, chief minister Yogi Adityanath described the Noida region (Gautam Budh Nagar) as "India's No 1 destination for investment" while inaugurating various development projects on Tuesday.

"Everyone who wants to invest is coming to Uttar Pradesh today," the CM said, lashing out at the Akhilesh Yadav-led Samajwadi Party regime that was in office from 2012-17 on the state of law and order. "Five and a half years ago, this area was in the grip of the mafia who exploited farmers and youths and misused the (development authorities' money," the CM said at a public rally in Greater Noida to inaugurate infrastructure projects collectively worth Rs 1,670 crore. He said the Noida region – which is poised to carve its space on the aviation map when the new international airport in Jewar opens, likely in October 2024 – was benefitting from "healthy competition" between the three development authorities (Noida, Greater Noida and Yamuna Expressway) in terms of creating jobs and attracting investments.

▶Weakness, P 7



CM Yogi welcomes President Droupadi Murmu at the inauguration of water week as part of India Expo Mart in Greater Noida on Tuesday

'60 rivers revived in UP in past few yrs'

Praising the Namami Gange project for a marked improvement in the quality of the Ganga water, Chief Minister Yogi Adityanath on Tuesday said that the most critical point of the river in Kanpur, the Sisamau sewer line, have been converted into a selfie point while in Varanasi, where the water was not even fit for consumption, gangetic dolphins who had left the area due to pollution in the river have finally returned. He also claimed that more than 60 rivers had been revived in the state in the past few years. P7

Publication	Edition	Date	Language	Page no
Hindustan Times	Lucknow	02/11/2022	English	01

Yogi unveils ₹1,670-crore projects in Noida and Greater Noida

Vinod Rajput
vinod.rajput@htlive.com

GREATER NOIDA: Uttar Pradesh chief minister Yogi Adityanath on Tuesday dedicated more than a dozen development projects worth ₹1,670 crore to public in Gautam Buddh Nagar district.

The works included Ganga water project for Greater Noida, a city bus terminal and underpasses in Noida, and a major sewage treatment plant (STP) along the Yamuna Expressway, according to an official statement.

He directed officials to address all grievances of farmers amicably through "positive dialogue", paving way for creation of opportunities and jobs in this region.

"People of three constituencies – Noida, Dadri and Jewar – in Gautam Buddh Nagar district blessed our MLAs with huge victory margins in the UP assembly elections. Now ₹1,670-crore projects are a gift to the people in this region," said Adityanath while addressing a gathering at Sector Knowledge Park-IV opposite the Greater Noida authority's main administrative building. The CM delivered a speech after inaugurating the projects

continued on +9



President Droupadi Murmu being presented a memento by CM Yogi Adityanath during the inauguration of the 7th India Water Week, in Greater Noida on Tuesday. Related story on page 5 PTI

Publication	Edition	Date	Language	Page no
The Indian Express	Lucknow	02/11/2022	English	03



President Droupadi Murmu, Governor Anandiben Patel and CM Yogi Adityanath at the India Water Week in Noida, Tuesday. PTI

INDIA WATER WEEK BEGINS

Bundelkhand & Vindhyachal to get tap water connections by Dec: Adityanath

EXPRESS NEWS SERVICE
LUCKNOW, NOVEMBER 1

UTTAR PRADESH Chief Minister Yogi Adityanath on Tuesday said tap water connections would be available in households of the dry and arid areas of Vindhyachal and Bundelkhand regions by December under the 'Har Ghar Nal Yojana' launched by Prime Minister Narendra Modi.

The CM was speaking during the five-day India Water Week-2022 organised at Knowledge Park-4 in Greater Noida. It was inaugurated by President Droupadi Murmu on Tuesday.

Adityanath said, "The provision of tap water connections in dry and arid areas of Vindhyachal and Bundelkhand regions is going on war footing under the 'Har Ghar Nal Yojana' launched by PM Narendra Modi and the exercise will be completed in December this year." The chief minister also launched development projects worth Rs 1,670 crore for Greater Noida, including the much-awaited 85-cusec Gangajal Water Project. The 85-cusec Gangajal project is worth Rs 848 crore and is expected to bring water to 28 residential sectors in Greater Noida.

Adityanath was quoted by a government release as saying, "A 176-km pipeline network has been laid here while 19 reservoirs have been constructed in 5 acres at a cost of Rs 376 crore. Around 4 lakh people will get pure drinking water through this pipeline."

"Gautam Budh Nagar is evolving into the premier investment destination. In the past five-and-a-half years, new things have arrived here. Metro is running here. Asia's largest airport is coming up in Jewar, while a Film City, a medical device park, and several other projects will soon be implemented." The CM said that several steps have been taken under the Namami Gange project to clean Ganga river. "The Sisamau sewer point in Kanpur, where the river was once most polluted in the state due to the release of a huge amount of waste daily, has now become a selfie point," he added.

Shared water resources can be used as weapon by any nation: Murmu

HARIKISHAN SHARMA
NEW DELHI, NOVEMBER 1

EMPHASISING THE significance of limited freshwater supply for a growing population and industrialisation, President Droupadi Murmu on Tuesday said a vast quantity of this available freshwater is spread across international borders, and this "water resource" can be used as a "weapon" by any country and take the form of an international conflict.

Speaking after inaugurating the seventh India Water Week in Greater Noida, Uttar Pradesh, Murmu said the issue of water is also linked to national security.

This issue is relevant for the entire world, Murmu said, and highlighted the need for international cooperation for water conservation and management.

Stating that "a vast amount of available freshwater is spread between two or more countries", the President said, "Yeh sanyukt jal sansaadhan (this combined water resource) can be used as a weapon by any country against another, and can take the form of international conflict."

"Therefore, international cooperation in water conservation and management is necessary," she said. Murmu said Denmark, Finland, Germany, Israel, and the European Union are participating in the India Water Week and expressed hope that all stakeholders will benefit from exchange of ideas and technologies at the forum.

"The issue of water is multi-faceted and complex, for which efforts are required by all stakeholders," she noted.

Publication	Edition	Date	Language	Page no
The Pioneer	Lucknow	02/11/2022	English	01



President Droupadi Murmu inaugurating the 7th India Water Week in Greater Noida on Tuesday. Uttar Pradesh Governor Anandiben Patel and Chief Minister Yogi Adityanath are also seen. Chief Minister Yogi Adityanath launched development projects worth Rs 1,670 crore for Greater Noida, including the much-awaited 85-cusec Gangajal water project, bringing the 17-year-long wait of residents to an end, on the occasion. ■ Report on Page 3

Publication	Edition	Date	Language	Page no
Amar Ujala	Lucknow	02/11/2022	Hindi	01

साफ पानी के लिए संयुक्त प्रयास जरूरी : राष्ट्रपति

कहा-जल संरक्षण वैश्विक मुद्दा, ग्रेटर नोएडा में सातवें भारत जल सप्ताह का किया उद्घाटन

अमर उजाला ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, जल संरक्षण एक वैश्विक मुद्दा है और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त प्रयास किए जाने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने जल संसाधन के संरक्षण व उपयोग के बारे में जागरूकता लाने के लिए ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में सातवें भारत जल सप्ताह का मंगलवार को उद्घाटन किया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्यक्रम में कहा, जल के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। भारतीय सभ्यता में जल को जीवन के दौरान और जीवन के पश्चात भी महत्वपूर्ण माना गया है। यही वजह है कि जल के सभी स्रोतों को पवित्र माना जाता है। लेकिन वर्तमान समय में स्थिति चिंताजनक है। बढ़ती आबादी के कारण हमारी नदियां और झीलें कम पड़ रही हैं। गांवों के तालाब सूख रहे हैं और कई स्थानीय जल धाराएं गायब हो गई हैं। खेती और उद्योगों में जल का अधिकतम इस्तेमाल हो रहा है। धरती का पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, मौसम चक्र में बदलाव आ रहा है और बेमौसम बहुत अधिक बारिश होना आम होता जा रहा है। इन हालात में जल प्रबंधन के बारे में चर्चा करना सही कदम है। ब्यूरो



ग्रेटर नोएडा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, सीएम योगी आदित्यनाथ। इस मौके पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद थे। एएनआई

पानी राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा मुद्दा है। कई नदियां दो या अधिक देशों से गुजरती है। ऐसे में इस संयुक्त पानी के स्रोत के मामलों को सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग जरूरी है। -द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

ग्रेनो में गंगाजल सहित कई परियोजनाओं का लोकार्पण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1670 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। ग्रेटर नोएडा में 85 मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) की 848 करोड़ रुपये की गंगाजल परियोजना भी इसमें शामिल है। योगी ने कहा कि गंगा मैया के दर्शन करने पहले हमें दूर जाना होता था, अब गंगा मैया स्वयं हमारे घर आ रही है।

जिन माफिया के बिना पत्ता भी नहीं हिलता था, अब जेल में सड़ रहे

योगी ने कहा कि साढ़े पांच वर्ष पहले जिन माफिया के बिना सरकारों में पत्ता भी नहीं हिलता था। आज वह जेलों में सड़ रहे हैं। कुछ दिन पहले आप सभी ने सुना होगा कि वह जेलों से किस तरह गिड़गिड़ा रहे हैं। योगी ने पूर्व की सरकारों पर भ्रष्टाचार का ताना मारते हुए कहा कि पहले नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरणों की धनराशि पर गिद्ध दृष्टि रखी जाती थी।

Publication	Edition	Date	Language	Page no
Hindustan	Lucknow	02/11/2022	Hindi	01

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा-नई टाउनशिप नीति में की जाए व्यवस्था

यूपी में मध्य वर्ग के लिए किफायती मकान बनेंगे

25 एकड़ में अब बन सकेगी टाउनशिप

50 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल पर अनुभव जरूरी

तैयारी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। राज्य सरकार शहरी लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक अफोर्डेबल (किफायती) आवास बनाएगी। इसके लिए नई टाउनशिप नीति में व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आवास विभाग द्वारा प्रस्तुत नई नीति को देखने के बाद यह निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरण में सर्वसुविधायुक्त कंवेंशन सेंटर बनाएं। इसके लिए जल्द प्रस्ताव दें। सीएम ने अफोर्डेबल आवास की मांग मध्यवर्ग में सबसे ज्यादा होने के मद्देनजर यह निर्देश दिए हैं। साथ ही अब 25 एकड़ में भी टाउनशिप बनाई जा सकेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों के नियोजित व सुस्थिर विकास के लिए आवास और उससे संबद्ध अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता आवश्यक है। विगत कुछ पांच वर्ष में प्रदेश में सुनियोजित शहरीकरण तेजी से बढ़ा है। भविष्य की जरूरतों के दृष्टिगत इसे और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में निम्न व मध्यम आय वर्ग के लिए अफोर्डेबल आवासों की मांग सबसे अधिक है, इसकी पूर्ति में निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में निजी पूंजी निवेश के माध्यम से सुनियोजित नगरीय विकास को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य की जरूरतों के अनुसार व्यावहारिक नई टाउनशिप नीति तैयार की जाए।

उन्होंने कहा कि आवास बनाने के लिए भूमि पहली जरूरत है। निवेशकों को भूमि की उपलब्धता आसानी से हो सके, इसके लिए भूमि जुटाव की प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाना जरूरत है। राज्य सरकार का प्रयास है कि समाज के प्रत्येक परिवार को उसकी आर्थिक क्षमतानुसार आवास मिले। साथ ही, ग्राहकों के साथ भू-स्वामियों व किसानों के हितों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। प्रोजेक्ट की स्वीकृति के साथ ही उसकी पूर्णता की समय-सीमा भी तय होनी चाहिए।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नोएडा में इंडिया वाटर वीक-2022 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने बुंदेलखंड के लिए कई घोषणाएं कीं।

दिसंबर तक बुंदेलखंड के हर घर में नल से जल

सेंटर नोएडा/लखनऊ। दिसंबर तक बुंदेलखंड के हर घर में नल से जल पहुंच जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नोएडा में इंडिया वाटर वीक के उद्घाटन समारोह में कही। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दीप जलाकर किया। > ब्योरा P14

फ्लैटेड फैक्ट्री के उत्पादों को वैश्विक पहचान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नोएडा में यूपी की पहली फ्लैटेड फैक्ट्री यहां के उत्पादों को वैश्विक पहचान देगी। इस फ्लैटेड फैक्ट्री के जरिए हजारों को रोजगार मिलेगा। > ब्योरा P14

नगरीय निकाय में सिविल डिफेंस इकाई बने

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के हर नगरीय निकाय में सिविल डिफेंस इकाइयां गठित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि समाज में शांति, सौहार्द और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में नागरिक सुरक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्तमान में प्रदेश के 27 जिलों में नागरिक सुरक्षा इकाइयां गठित हैं। सिविल डिफेंस को सभी 75 जिलों तक विस्तार दिया जाना आवश्यक है।

ओपन और हाई सिक्योरिटी जेल बनाए जाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश कैबिनेट ने हाल ही में अपने नई जेल मैन्युअल को अनुमोदित किया है। जेल सुधारों की ओर यह महत्वपूर्ण प्रयास होगा। हमें कारागारों को सुधार के बेहतर केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए ठोस प्रयास करना होगा। 'ओपन जेल' और 'हाई सिक्योरिटी जेल' इस संबंध में उपयोगी हो सकते हैं। सभी जेलों में 14 वर्ष की अवधि से अधिक समय से बंद कैदियों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अग्निशमन विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग और कारागार विभाग की समीक्षा करते हुए भविष्य के दृष्टिगत बेहतरी के लिए ये दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को आधार मानकर नागरिक सुरक्षा इकाइयों का पुनर्गठन किया जाए।

Publication	Edition	Date	Language	Page no
NBT	Lucknow	02/11/2022	Hindi	01

राष्ट्रपति बोलीं- प्राकृतिक जल स्रोतों को बचाने पर काम करना होगा

रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बगैर पास नहीं होगा कोई नक्शाः योगी

■ टीम एनबीटी, नोएडा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि हमें जल संरक्षित करने के साथ ही प्राकृतिक जल स्रोतों को बचाने पर काम करना होगा। जल की सार्थकता को समझते हुए जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है। राष्ट्रपति मंगलवार को प्रेनो के एक्सपो मार्ट में 7वें इंडिया वॉटर वीक का उद्घाटन करने के बाद लोगों को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने जल संरक्षण की दिशा में बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि घर, निजी या सरकारी कार्यालय, कैसी भी बिल्डिंग हो, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के बगैर नक्शा पास न किया जाए। प्रदेश की सभी अथॉरिटी में इस नियम को लागू करने के लिए कहा गया है। योगी ने कहा कि हमें अपने दिमाग से यह बात निकालनी होगी कि हमारे पास जल के भरपूर संसाधन हैं।

सीएम ने प्रदेश में जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक यूपी में 58 हजार ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर के सभी कार्यक्रम पूरे किए जा चुके हैं। जल संचयन के संसाधनों को फिर से जीवित करने के लिए हमारे प्रयास जारी हैं। बुंदेलखंड जैसे इलाकों में लोगों को मीलों दूर तक साफ पानी नहीं मिलता था, अब वहां शुद्ध पानी की सप्लाई हो रही है। कार्यक्रम में यूपी की गवर्नर आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, दूसरे राज्यों के जल मिशन से जुड़े मंत्री और विभागों-संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

इस दौरान जल संरक्षण के लिए सराहनीय काम करने वाली झारखंड की अकाली टुडू, गुजरात के कच्छ की हीराबेन और राजस्थान की एक महिला ने अपने संघर्ष की कहानी बताई। उन्होंने बताया कि कैसे पानी महिला के साथ टक्कर लेकर जल संरक्षण की मुहिम को जारी रखा।

300 वर्गमीटर या उससे ज्यादा एरिया के प्लॉटों पर बनी इमारतों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का है नियम। सीएम की घोषणा के बाद अब जल्दी ही बिल्डिंग बायलॉज में बदलाव होगा।



प्रेनो के एक्सपो मार्ट में मंगलवार से शुरू हुए 7वें इंडिया वॉटर वीक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी।

₹1670 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

ग्रेटर नोएडा : सीएम योगी ने ग्रेनो अथॉरिटी मुख्यालय के बाहर मैदान में हुई एक जनसभा में 1670 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जेवर कभी संगठित अपराध का गढ़ था। मैंने कसम खाई कि अपराध को जड़ से खत्म करूंगा। अब यहां से अपराधी भाग चुके हैं। विकास की बयार बह रही। पहले यहां लोग भावनाओं से खोलते थे। निवेश पलायन कर रहा था। अथॉरिटी की कमाई का इस्तेमाल कहीं और हो रहा था। अब सब बदल चुका है। सोमवार को आपने उदाहरण देखा। डेटा सेंटर की शुरुआत हुई। 5जी की सुविधा सीएम ने दी। पिछले 5 वर्षों में यहां के विकास ने हर रेकॉर्ड को तोड़ा। एयरपोर्ट, मेडिकल डिवाइस पार्क, फिल्म सिटी जैसी कई बड़ी परियोजनाएं आईं। आज गौतमबुद्ध नगर निवेश के हब के रूप में नई पहचान बना रहा है।

> जेवर से अपराधी खदेड़े, बह रही विकास की बयार : योगी

Publication	Edition	Date	Language	Page no
Dainik Jagran	Lucknow	02/11/2022	Hindi	01

कसम खाई है अपराध खत्म कर दूंगा

कहा-प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदल रही है समाप्त हो गया माफिया का डर



1670 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का गोरखपुर में किया लोकार्पण

» कहा- पहले प्रतिष्ठानों की दीवारें दहशत की गवाही देती थीं



159 साल बाद गूंजे पुलिस बैंड ऐतिहासिक निर्णय

स्थापना के 159 वर्ष बाद उत्तर प्रदेश पुलिस बल को अपना प्रथम बैंड मिल गया है। शेष » 2

विकास दुबे व सहयोगियों की संपत्ति जब्त

विकरू कांड में कार्रवाई

ईडी ने विकरू गांव में सीओ समेत आठ पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में 14 सितंबर, 2020 को बनी एफआईआर एक्ट के तहत केस दर्ज कर संपत्तियों को चढ़ताल शुरू की थी। ईडी ने जेल में बंद आरोपितों के बयान दर्ज कराने के साथ ही उनके बैंक खातों का ब्योरा खंगाला था। जांच में सामने आया कि अपराध की कमाई से विकास ने स्वजन व सहयोगियों के नाम से कई संपत्तियां जुटाई थीं।

सभी नगर निकाय में हो नागरिक सुरक्षा की इकाई : योगी

अग्निशमन विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग तथा कारागार विभाग की समीक्षा बैठक में दिया निर्देश, खुली जेल का भी निर्णय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : कानून-व्यवस्था के साथ आंतरिक सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नगर निकायों में नागरिक सुरक्षा इकाइयां गठित करने का निर्णय लिया है। साथ ही जेलों में क्षमता से अधिक बंदियों की संख्या को लेकर आए दिन की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर ठोस कदम उठाए जाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं।

योगी ने मंगलवार को अग्निशमन विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग तथा कारागार विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। कहा कि समाज में शांति, सौहार्द व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्तमान में प्रदेश के 27 जिलों में नागरिक सुरक्षा इकाइयां गठित हैं। इकाइयों का विस्तार सभी जिलों में किया जाना आवश्यक है। कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को आधार मानकर नागरिक सुरक्षा इकाइयों का पुनर्गठन किया जाए। इसके बाद प्रदेश में नागरिक सुरक्षा की सही मात्रा में से अधिक इकाइयां क्रियाशील हो सकेंगी। योगी ने इसके लिए गृह विभाग के साथ समन्वय बनाकर जरूरी आवश्यक कार्यवाही पूरी किए जाने का निर्देश दिया है। कहा है कि नवीन इकाइयों के सुचारु क्रियान्वयन के लिए आवश्यक वित्तीय प्रोविजन उपलब्ध कराया जाएगा। योगी ने कहा कि बीते दिनों कैबिनेट में जो जेल मैन्युअल को मंजूरी दी गई थी। कारागारों को सुधार के केंद्रों के रूप में स्थापित करने के लिए ठोस प्रयास करने होंगे। योगी ने कहा कि "खुली जेल" व "हाई सिक्योरिटी जेल" के लिए स्थान का चिह्नांकन कर विधिवत प्रस्ताव तैयार किया जाए। राज्य की कारागारों में 14 वर्ष की अवधि से अधिक समय से निरुद्ध बंदियों की सूची तैयार भी उपलब्ध कराई जाए।

शेषांश पेज » 2

Publication	Edition	Date	Language	Page no
Rastriya Sahara	Lucknow	02/11/2022	Hindi	01

बढ़ती आबादी के लिए साफ पानी बड़ी चुनौती

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सातवें भारत जल सप्ताह के उद्घाटन अवसर पर जताई चिंता

- कहा, बढ़ती आबादी के कारण नदियों और जलाशयों की हालत बिगड़ रही है
- उचित उपयोग और पुनर्चक्रमण ही जल संसाधन को लंबे समय तक बनाए रख सकता है
- कार्यक्रम में डेनमार्क, फिनलैंड, जर्मनी, इस्राइल और यूरोपीय संघ भी ले रहे हैं भाग

■ सीएल मौर्य

चेटर नोएडा। एसएनबी

इंडिया एक्सपो सेंटर में मंगलवार से शुरू हुए सातवें भारत जल सप्ताह का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया। इस मौके उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राज्यमंत्री विश्वेश्वर टुडू, प्रह्लाद सिंह पटेल मौजूद रहे। राष्ट्रपति ने जल संसाधन की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी के कारण हमारी नदियों और जलाशयों की हालत बिगड़ रही है। गांव के तालाब सूख रहे हैं और कई स्थानीय नदियां विलुप्त हो गई हैं। बढ़ती आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना आने वाले वर्षों में एक बड़ी चुनौती होगी। पानी का मुद्दा बहुआयामी और जटिल है जिसके लिए सभी हितकारकों को प्रयास करने चाहिए। हम सभी जानते हैं कि पानी सीमित है। ऐसे में उचित उपयोग और पुनर्चक्रमण ही जल संसाधन को लंबे समय तक बनाए रख सकता है। इसलिए सभी को इस संसाधन का सावधानी पूर्वक उपभोग करने का प्रयास करना चाहिए।

राष्ट्रपति ने आम लोगों, किसानों, उद्योगपतियों और विशेषकर बच्चों से जल संरक्षण को अपनी नैतिकता का हिस्सा बनाने की अपील कर कहा कि जल संरक्षण की दिशा में सार्थक कदम उठाने पर ही हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर और सुरक्षित कल का तोहफा दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना करना असंभव है। भारतीय सभ्यता में जल जीवन में ही नहीं जीवन के बाद की यात्रा में भी महत्वपूर्ण है। सभी जल स्रोतों को पवित्र माना जाता है, लेकिन फिलहाल स्थिति पर नजर डालें तो स्थिति चिंताजनक लगती है। बढ़ती आबादी के कारण हमारी नदियों और जलाशयों की हालत बिगड़ रही है। गांव के तालाब सूख रहे हैं और कई स्थानीय नदियां विलुप्त हो गई हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि और उद्योगों में पानी का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है। पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। मौसम का मिजाज साल दर साल बदल रहा है और बेमौसम अत्यधिक वर्षा आम हो गई है। ऐसे में जल प्रबंधन पर चर्चा करना बहुत ही सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि पानी का मुद्दा न केवल भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रासंगिक है। यह मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है, क्योंकि उपलब्ध मीठे पानी की विशाल मात्रा दो या दो से अधिक देशों के के बीच फैली हुई है। यह संयुक्त जल संसाधन एक ऐसा मुद्दा है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय सहयोग आवश्यक है। सातवें भारत जल सप्ताह में डेनमार्क, फिनलैंड, जर्मनी, इजराइल और यूरोपीय संघ भाग ले रहे हैं। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया है कि इस मंच पर विचारों और प्रौद्योगिकियों के आदान-प्रदान से सभी लाभान्वित होंगे। पानी कृषि के लिए भी एक प्रमुख संसाधन है।

एक अनुमान के अनुसार देश में लगभग 80 फीसद जल संसाधन का उपयोग कृषि कार्यों के लिए किया जाता है। जल संरक्षण के लिए सिंचाई में पानी का उचित उपयोग और प्रबंधन बहुत जरूरी है। इस क्षेत्र में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एक प्रमुख पहल है। देश में सिंचित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए यह राष्ट्रव्यापी योजना लागू की जा रही है।



चेटर नोएडा में मंगलवार को इंडिया एक्सपो सेंटर में सातवें भारत जल सप्ताह का उद्घाटन करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। साथ में हैं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत।

दिसम्बर तक बुंदेलखंड के हर घर नल से पहुंचेगा जल : योगी

■ लखनऊ/ चेटर नोएडा (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को चेटर नोएडा में आयोजित पांच दिवसीय इंडिया वाटर वीक-2022 के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही कुछ संकल्प लिए थे, उनमें से जल संचयन भी एक था, जिसके परिणाम आज सबके सामने हैं। पहले प्रदेश के विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र को जल संचयन के मामले में डार्क क्षेत्र माना जाता था। इन क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में आज हर घर में साफ पानी पहुंचाने का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है। योगी ने कहा कि विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हर घर नल योजना को दिसंबर-2022 तक पूरा कर लिया जाएगा। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आदि मौजूद रहे।

Publication	Edition	Date	Language	Page no
Pioneer	Lucknow	02/11/2022	Hindi	01

जल प्रबंधन सबसे बड़ी आवश्यकता: मुर्मू

राष्ट्रपति ने जल के विषय को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा बताया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल प्रबंधन को नितांत आवश्यक बताते हुए मंगलवार को कहा कि इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त प्रयास की आवश्यकता है। मुर्मू ने जल संसाधन के संरक्षण और उपयोग के बारे में जागरूकता लाने के लिए ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में भारत जल सप्ताह के सातवें संस्करण का मंगलवार को उद्घाटन किया। उन्होंने जल के मुद्दे को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा बताते हुए कहा कि उपलब्ध पेयजल का हिस्सा दो या उससे अधिक देशों के बीच फैला हुआ है और इसलिए इसका किसी भी देश के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

मुर्मू ने कहा, जल संरक्षण और प्रबंधन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या के कारण नदियां सिकुड़ रही हैं और जल प्रबंधन एवं संरक्षण के लिए संयुक्त प्रयास की आवश्यकता है। सातवें भारत जल सप्ताह की थीम है, टिकाऊ विकास और समानता के लिए जल सुरक्षा। समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल व विश्वेश्वर टुडू सहित कई गणमान्य हस्तियों ने भाग लिया। राष्ट्रपति के नोएडा के सेक्टर 38 में भारत जल सप्ताह के सातवें संस्करण का उद्घाटन करती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। मंच में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



जल संरक्षण के लिए प्रदेश में तालाबों का किया जा रहा जीर्णोद्धार : योगी

नोएडा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुद्धपेय जल की आवश्यकता पर जोर देते हुए मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार ने स्वच्छ पानी सुनिश्चित करने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं और भूमिगत जल संरक्षण के लिए राज्य में तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में भारत जल सप्ताह के सातवें संस्करण के उद्घाटन के लिए यहां आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया। आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि उनकी सरकार हिमालय से निकलकर उत्तर प्रदेश में बहने वाली कई विद्युत नदियों को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है और गंगा गंगे परियोजना के तहत गंगा में गिरने वाले प्रदूषित जल को रोका गया है। उन्होंने कहा कि भूमिगत जल संरक्षण के लिए उत्तर प्रदेश में तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है और जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध (शेष पेज 4)

पुख्ता प्रबंध किए गए। नोएडा के सेक्टर 38 स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित जल सप्ताह के दौरान नोएडा में चुनाव के मुद्देकार दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न देशों के 2,000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे।

Publication	Edition	Date	Language	Page no
AAJ	Lucknow	02/11/2022	Hindi	01

अब नोएडा के घरों में आएगा गंगा जल-योगी

सीएम ने ग्रेटर नोएडा को दी 1670 करोड़ की सौगात



नोएडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा को गंगाजल परियोजना समेत 1670 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-4 में सीएम योगी ने इन परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहाकि 85 क्यूसेक की गंगाजल परियोजना की शुरुआत होने के बाद घरों में स्वच्छ पीने योग्य जल की आपूर्ति संभव होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गौतमबुद्धनगर देश ही नहीं, विदेश में भी निवेश का सबसे अच्छा गंतव्य बन रहा है। पिछले साढ़े 5 वर्षों में यहां नयी-नयी चीजें आयी हैं। मेट्रो यहां प्रारंभ हुई, यहां बनने जा रही है, मेडिकल डिवाइस पार्क बनने जा रहा है और भी कई योजनाएं जल्द यहां आने जा रही हैं। ये क्षेत्र लाखों नौजवानों के लिए रोजगार, लाखों परिवारों को स्वावलंबन की ओर अग्रसर करने की ओर बढ़ रहा है। निवेश के नए क्षेत्र यहां बन रहे हैं। पहले हम केवल आईटी और आईटीएमएस में निवेश देखते थे लेकिन अब मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट के हब के रूप मल्टी मॉडल लॉजिस्टक हब के रूप में भी ये क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन्हीं में से कुछ योजनाओं का लोकार्पण हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब तक लोग गंगा स्नान करने जाते थे लेकिन अब गंगा मइया जल यहां उपलब्ध होने जा रहा है। यहां पर 176 किमी. पाइपलाइन का नेटवर्क बिछाया गया है, 5 एकड़ में 19 रिजर्व वायर का निर्माण हुआ। इस पर 376 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय हुई। 4 लाख लोग इसके माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कर पाएंगे। यहां पर 28 आवासीय सेक्टर में यह सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं और मार्च 2023 तक 38 आवासीय सेक्टर तक विशुद्ध गंगाजल की आपूर्ति करने वाले हैं। उन्होंने कहाकि वर्षों से लंबित योजनाओं को लागू करने में इतने वर्ष इसलिए लगे कि कुछ लोग इसमें रोड़ा अटकाते थे। उन सभी रोड़ों को हटाते हुए 85 क्यूसेक शुद्ध गंगा जल आपको उपलब्ध हो रहा

Publication	Edition	Date	Language	Page no
Voice of Lucknow	Lucknow	02/11/2022	Hindi	01

सबको साफ पानी पहुंचाना बड़ी चुनौती

जल संरक्षण की नयी प्रौद्योगिकी विकसित करें वैज्ञानिक : मुर्मू

एजेंसी

नोएडा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वैज्ञानिकों, नगर नियोजकों और नवोन्मेषकों से ऐसी तकनीक विकसित करने का प्रयास करने की अपील की है जो जल संसाधनों के संरक्षण में मदद करे। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि जल संरक्षण में प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

इंडिया वाटर वीक के सातवें संस्करण में अपने

○ बढ़ती आबादी के कारण, नदियों और जलाशयों की स्थिति हुई खराब, गांव के तालाब सूखे

संबोधन के दौरान मुर्मू ने कहा कि स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती है जिसके लिए समाज के सभी वर्गों के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा हमारी भावी पीढ़ी की मांगों को पूरा करने के लिए प्रभावी ढंग से जल संरक्षण की आवश्यकता होगी और इसमें प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अतः वैज्ञानिकों, नगर नियोजकों और नवोन्मेषकों से मेरी अपील है कि वे जल संसाधनों के संरक्षण की तकनीक विकसित करने का प्रयास करें। उन्होंने आम लोगों, किसानों, उद्योगपतियों और विशेषकर बच्चों से जल संरक्षण को अपने व्यवहार ...शेष पृष्ठ 10 पर



नोएडा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कलश देकर सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

दिसंबर तक बुंदेलखंड के हर घर नल से पहुंचेगा जल : योगी

विशेष संवाददाता

ग्रेटर नोएडा/लखनऊ। प्रदेश में पहले गंगा का सबसे क्रिटिकल प्वाइंट कानपुर हुआ करता था, लेकिन आज नमामि गंगे प्रोजेक्ट से कानपुर का सीसामऊ सीवर प्वाइंट सेल्फी प्वाइंट बन गया है। इतना ही नहीं नमामि गंगे परियोजना के पहले और बाद के बदलाव का असर अब अविनाशी काशी में भी दिखाई पड़ता है। पहले गंगा का जल आचमन करने

